राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 111 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



चुनाव आयोग ने तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को समझने को लेकर बैठक की।

## आदर्श विचार



"ज्यादा खुश होने पर और ज्यादा दुखी होने पर निर्णय नहीं लेना चाहिए।"
-भागवद गीता

## मन की बात



"जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।"
-स्वामी विवेकानंद




# इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर: मोदी

= ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलीगढ़: भाजपा के** वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो वह सबकी सम्पत्ति की जांच कराएंगे। वह आपकी सम्पत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकी सम्पत्ति छीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। किसी गरीब को उसमें से कुछ नहीं दिया है। उल्टे वे गरीबों से छीनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अलीगढ़ की जनता से प्रार्थना करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बार्डर पर आए दिन गोले दगते थे। आतंकी बम फोड़ते थे। अयोध्या और काशी को नहीं छोड़े। हर बड़े शहर में बम धमाका। अब उस सीरियल बम धमाके पर ब्रेक लग गया है। अब मोदी-योगी का कमाल है कि यह सब बंद हो गया है। पहले अलीगढ़ में भी आए दिन कर्फ्यू लगता था। अब ऐसा नहीं है। मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है। पहले हज कोटा कम होता था। उसमें भी घूसखोरी चलती थी। ज्यादातर पैसे वाले लोग ही जा पाते थे। हमारी सरकार ने हज का कोटा ही नहीं बढ़ाया बल्कि प्रक्रिया को आसान भी बनाया। पहले अकेली महिलाएं हज करने नहीं जा सकती थीं। हमने उसे भी दुरुस्त किया।



### 'मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर आया'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के बाद जनता जनार्दन का जिस प्रकार आशीर्वाद मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। हम सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर 2024 का लोकसभा चुनाव है।

### पीएम ने राजा महेन्द्र प्रताप के नाम पर विवि दिया है: योगी

**सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री** मोदी ने अलीगढ़ के लिए सबकुछ किया। राजा महेंद्र प्रताप के नाम पर विश्वविद्यालय (विवि) दिया है। कॉरिडोर दिया है। पांच सौ सालों के बाद आप सब ने अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक होते देखा है। अलीगढ़ की जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ मतदान करेगी।

**हमला बोला**
8 मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के साथ सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर वहां पूजा-अर्चना की। उन्होंने वहां सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## चारधाम यात्रा: पांच दिन में पंजीकरण की संख्या 12 लाख के पार

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरूआत 10 मई से होने जा रही है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश सरकार के सुनियोजित प्रयासों का ही परिणाम है कि पहले पांच दिनों में 12 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। यह आंकड़ा आने वाले समय में और तेजी से बढ़ेगा। पिछले दो वर्ष में चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा हो, यही सरकार का प्रयास है।

## बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** ममता बनर्जी की सरकार को एक बड़ा झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण श्रेणियों में की गई सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इसमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल थे। खंडपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि नियुक्ति पाने वालों को चार सप्ताह के भीतर उनके द्वारा लिया गया पूरा वेतन वापस करना होगा। उन्हें यह रकम 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ लौटानी होगी। डब्ल्यूबीएसएससी को नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले में जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा कि सीबीआई किसी भी व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है,

जिसे वह आवश्यक समझती है। खंडपीठ ने सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन के राज्य कैबिनेट के फैसले पर भी संज्ञान लिया। डिविजन बेंच के आदेश के मुताबिक, जरूरत पड़ने पर सीबीआई सुपर-न्यूमेरिक पोस्ट बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड से भी पूछताछ कर सकती है। ऐसा माना गया कि अवैध रूप से भर्ती किए गए अयोग्य उम्मीदवारों के लिए ही सुपर-न्यूमेरिक पद बनाए गए थे। कोर्ट ने मानवीय आधार पर एक उम्मीदवार सोमा दास के मामले में एकमात्र अपवाद बनाया है। कैंसर की मरीज होने के कारण उनकी भर्ती रद्द नहीं की जायेगी। खंडपीठ के आदेश के मुताबिक, डब्ल्यूबीएसएससी को सभी ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) शीट भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी, ताकि आम लोग उन तक पहुंच सकें। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए करोड़ों रुपये के नकद मामले से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति बसाक और न्यायमूर्ति रशीदी की खंडपीठ का गठन किया गया था।



**तगड़ा झटका**
8 हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं; ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी

## बदरी-केदारनाथ धामों में ऑनलाइन पूजा के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** उत्तराखंड के बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में ऑन लाइन पूजाओं के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। दोनों धामों के लिए अब तक 6975 श्रद्धालुओं ने 01 करोड़ 20 लाख से अधिक धनराशि की ऑनलाइन पूजाओं की बुक करायी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मदिर समिति (बीकेटीसी) की अधिकारिक वेबसाइट पर 15 अप्रैल से (सोमवार) 22 अप्रैल दिन तक एक सप्ताह में 6981 श्रद्धालुओं ने ऑन लाइन पूजायें बुक करायी है।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला



**टीम एक्शन इंडिया**
**सूरत:** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे। देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है। लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए।

## सियाचिन पहुंचे राजनाथ, जवानों का हौसला बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची "बैटल फील्ड" में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए "ऑपरेशन मेघदूत" की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे।



**जवानों के साथ**
8 माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई

## 'मैं इन्सुलिन की मांग करता रहा हूं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर और इन्सुलिन की डोज को लेकर बीते कुछ दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। आम आदमी पार्टी (आआप) से मिली जानकारी के अनुसार, केजरीवाल ने इन्सुलिन की मुद्दे को लेकर तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को एक चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने जेल सुपरिटेंडेंट को लिखा है कि अखबार में आपका बयान पढ़ा, वो बयान गलत है। आपका झूठा बयान पढ़कर बहुत दुख हुआ। उन्होंने आगे लिखा है कि तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान (अरविंद केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया) सरासर झूठा है। मैं पिछले 10 दिन से लगातार इन्सुलिन का मुद्दा उठा रहा हूं, दिन में कई बार उठा रहा हूं। जब भी कोई डॉक्टर मुझे देखने आया तो मैंने बताया कि मेरा शुगर लेवल बहुत हाई है। मैंने ग्लूको-मीटर की रीडिंग दिखा कर बताया कि दिन में 3 चेक किया गया और शुगर लेवल 250-320 के बीच जाता है। मैंने बताया कि फास्टिंग का शुगर लेवल रोज 160-200 पर रहता है।



**पत्र लिखा**
8 केजरीवाल ने इन्सुलिन की मुद्दे को लेकर तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को एक चिट्ठी लिखी

## कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की: जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंगेली/रायपुर: बिलासपुर** लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा सोमवार को मुंगेली जिले के लोरमी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। तुष्टिकरण की राजनीति चलाई और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है। लोरमी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आ छत्तीसगढ़ की मां कौशल्या की भूमि में मेरा आगमन हुआ है।

## 'घोषणापत्र की कॉपी पीएम कार्यालय भेजेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा रैली में दिए गए एक बयान पर कांग्रेस और विपक्ष की कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमारे घोषणा पत्र की हमारी 25 गारंटियां सबके लिए हैं। वहीं कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जाएगी। रविवार को प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा रैली के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सवाल खड़े किए थे। प्रधानमंत्री कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। पीएम मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान से जोड़कर कही जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, "...क्या हर महिला को सालाना 1 लाख रुपये देना मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है?



**पलटवार**
8 प्रधानमंत्री कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी

## बंगाल में थी 26/ 11 जैसे हमले की योजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है। कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी। पुलिस का कहना है कि आतंकी हेडली ने शिकागो की एक कोर्ट में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में अपने बयान में कहा था कि वह मध्य मुंबई के दादर में शिवसेना भवन गया था और राजाराम रेगे से मिला था। एडिशनल सीपी ने बताया कि राजाराम को कोलकाता में देखा गया था। उसने साउथ कोलकाता के होटल रुका था। उसके पास अभिषेक बनर्जी और उसके पीए का नंबर भी था।



**काबू किया**
8 अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया

**कानून व्यवस्था** मुख्यमंत्री सुक्खू ने पालमपुर में बीते दिनों हुई हृदय विदारक घटना की पीड़िता के परिवार के लोगों से मुलाकात की

## सरकार उठाएगी पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च : मुख्यमंत्री सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/पालमपुर**
**पालमपुर: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर में बीते दिनों हुई हृदय विदारक घटना की पीड़िता के परिवार के लोगों से सोमवार को मुलाकात की। धर्मशाला से सुजानपुर आते समय मुख्यमंत्री सुलह में नाल्टी दा पुल के पास एकत्रित लोगों से मिले और उनकी बात सुनी। पीड़िता के माता-पिता पीजीआई चंडीगढ़ में बेटी के साथ हैं। इसलिए परिवार के अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को पूरी घटना के बारे में बताया। उन्होंने हमलावर के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद कहा कि पालमपुर की दर्दनाक घटना से दुखी हूँ। पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च हिमाचल सरकार उठाएगी। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। एसपी कांगड़ा को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। घटनाक्रम के बाद से रोजाना पुलिस अधिकारियों से अपडेट लिया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। केवल गिरफ्तारी हमारा उद्देश्य नहीं है। ऐसी घटनाओं को क्यों अंजाम दिया जा रहा है, उस दिशा की तरफ बढने की जरूरत है। हम जानना चाह रहे हैं कि इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं।

प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है। किसी को कानून तोडने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ खेल मंत्री यादविंदर गोमा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार, कैबिनेट रैंक सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान आईटी सलाहकार कैबिनेट रैंक गोकुल बुटेल, ओएसडी रितेश कपरेट, चेयरमैन संजय चौहान, विशाल चंबियाल इत्यादि मौजूद रहे।



**दुख में साथ**
8 पालमपुर की दर्दनाक घटना से दुखी हूँ। पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च हिमाचल सरकार उठाएगी

# सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी भाजपा: डॉ. अशोक तंवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि एक बार फिर भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। देश और प्रदेश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री देखना चाहती है। वे सोंमवार को फतेहाबाद के डीएसपी रोड पर भाजपा के प्रदेश डिजिटल प्रमुख कंवल चौधरी के निवास पर आयोजित जलपान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. तंवर ने सोमवार को फतेहाबाद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। डॉ. तंवर ने मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क में लोगों के साथ मुलाकात की। इसके उपरांत उन्होंने सब्जी मंडी में जनसभा को संबोधित किया। विचार आश्रम मंदिर में दर्शन और प्रार्थना के बाद वे डीएसपी रोड पर राजीव गांधी पार्क के पास कार्यकर्ता बैठक में पहुंचे और कार्यकताओं से चर्चा की। डॉ. तंवर आटो मार्केट की दुकान नंबर 13 में जलपान के लिए पहुंचे और बार एसोसिएशन फतेहाबाद में वकीलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता वर्ग समाज का कुलीन, सुशिक्षित और संभ्रांत वर्ग होता है। आपसे लोग न्याय की उम्मीद करते हैं। यह फैसले की घड़ी है। ठाकर बस्ती, शिवनगर शिव मंदिर, गुलनार



सिनेमा के पास, अग्रवाल धर्मशाला, खैराती रोड पर शंकर बारदाना के पास, अनाज मंडी के पीछे भी जनसभा को संबोधित किया। डॉ. तंवर ने इस दौरान मेडीकल यूनियन और टैक्सी यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक की और अपने पक्ष में मतदान की अपील की। फतेहाबाद के विधायक दूड़ाराम ने कार्यकताओं से बातचीत के दौरान

**वोट की अपील**

**8 देश और प्रदेश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री देखना चाहती है : तंवर**

कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जीत की जिम्मेदारी लेकर काम करे। सब अपने आपको मोदी का प्रतिनिधि समझकर घर-घर, गली-गली मतदाताओं के पास जाएं और उनको पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि एक बार फिर से केंद्र में मोदी जी की सरकार बनानी है। कार्यक्रम को सिरसा लोकसभा प्रभारी एवं चेयरमैन वेद फुलां, चेयरमैन भारतभूषण मिढ़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़, नगरपरिषद चेयरमैन राजेन्द्र खिची, उपप्रधान सविता टुटेजा, नगर मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा, डॉ. रणजीत ओड, आकांक्षा सहित अनेक कार्यकर्ता, विभिन्न गांवों के सरपंच सहित शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख मौजूद रहे।

# 'चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

## पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण, की मॉक ड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** थाना प्रभारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, दबंगई, शांति व्यवस्था को भंग करने, लड़ाई-झगड़ा, दंगा-फसाद करने वालों की पहचान कर पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था हर हाल में बनाई रखी जाएंगी। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा सोमवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने उपरांत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मॉक ड्रिल भी की। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार हैं, उन सभी के हथियारों को पुलिस थाने या गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। हथियार जमा न करने वालों को नोटिस दें ताकि उनके लाइसेंस को रद्द करवाने की प्रकिया शुरू कर लाइसेंस रद्द करवाया जा सके।

**मॉक ड्रिल**

**8 दंगा-फसाद करने वालों की पहचान कर पुलिस अधीक्षक ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए**

उन्होंने कहा कि असामाजिक व्यक्तियों पर नजर रखें, यदि कोई भी किसी प्रकार से चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने और चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस कंपनियों की मॉक ड्रिल करवाई। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस कर्मियों के दो समूह बनाए गए। भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के बारे में भी बताया गया। भीड़ को तितर बितर करने के लिए दंगा निरोधक उपकरणों के संबंध भी जानकारी दी गई।

## न्यूज फ्लैश

### विदेश में रह रहे रिश्तेदार के नाम ले ठगे पांच लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** साइबर थाना पुलिस ने दूर का रिश्तेदार बता पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। सोमवार को पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना निवासी कर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दूर का रिश्तेदार विदेश में रहता है। गत 29 दिसंबर को उसके फोन पर कॉल आई। जिसने विदेश में रह रहे रिश्तेदार का नाम लेकर किसी जानकार के इलाज लिए पांच लाख रुपयों की जरूरत बताया। राशि को जल्द वापस करने की बात भी कही। जिस पर उसने आरोपित द्वारा दिए गए खातों में पांच लाख रुपये की राशि का डलवा दिया। बाद में उसने विदेश में रह रहे रिश्तेदार से पूछा तो उसे धोखाधड़ी के बारे मे पता चला। साइबर थाना के जांच अधिकारी जगदीप ने बताया कि पुलिस ने कर्मबीर की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्रों को विदेश भेजने का झांसा दे 2.27 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** साइबर थाना पुलिस ने पंजाब की युनिवर्सिटी में पढ? वाली छात्रा के अभिभावक फोन कर छात्रा को विदेश में भेजने का झांसा देकर दो लाख 27 हजार रुपये हडप लिए गए। इस शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव शामलो कलां निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भतीजी जालंधर पंजाब की युनिवर्सिटी में पढ़ती है। जो आगे पढ़ाई के लिए विदेश जाने के इच्छुक है। नवंबर 2022 में उसके पास फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम अक्षय मार्क तथा प्रोडक्शन मार्क का मालिक बताया। उसने बताया कि जो बच्चे पढ़ते हैं, उन्हें विदेश भेजने का कार्य करता है। उसकी भतीजी को विदेश भेजने के लिए उसने दो लाख 27 हजार रुपये की डिमांड की। राशि को दिसंबर 2022 तक उसके खाते में डाल दिए गए। जिसके बाद आरोपित ने उसके फोन उठाने बंद कर दिए। आरोपित ने ना तो उसकी भतीजी को विदेश भेजा और ना ही राशि को वापस लौटाया। साइबर थाना के जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### अदालत से भगोड़ा घोषित आरोपित ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** वर्ष 2022 में चेक बाउंस मामले में अदालत से भगोड़ा घोषित आरोपित को बल्लभगढ़ शहर थाना पुलिस ने उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपित ग्रेटर नोएडा के विरोंड चक्र सहनपुर का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने सोमवार को बताया कि थाना पुलिस ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपित से पूछताछ में सामने आया कि आरोपित घरों में पेंट करने का काम करता है। आरोपित की घर पर पेंट की दुकान है। आरोपित फरीदाबाद से पेंट के लिए आता-जाता रहता था। आरोपित ने वर्ष 2017 में दुर्गेश पेंट की दुकान से करीब 5 लाख 72 हजार रुपये का पेंट खरीदा था। जिसके भुगतान के लिए आरोपित ने जो चेक दिया था, वो बाउंस हो गया। उसके लिए आरोपित को अदालत में पेश होने के लिए बुलाया गया था, परंतु आरोपित अदालत में पेश नहीं हुआ था। उसके खिलाफ वर्ष 2018 में थाना शहर बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था। आरोपित अदालत से जमानत पर चल रहा था। आरोपित फिर से अदालत में गैर हाजिर हो गया था, जिसके लिए आरोपित के खिलाफ फिर से वर्ष 2022 में पीओ का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपित को आज अदालत में पेश कर जेल भेजा दिया गया है।

### फॉर्म 12डी के माध्यम से बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से कर सकते है वोटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। ऐसे मतदाताओं को अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करके फॉर्म 12डी प्राप्त करना होगा तथा इस फॉर्म को डेट ऑफ नोटिफिकेशन के पांच दिन के अन्दर भरकर जमा कराना होगा। एडीसी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में दिव्यांगजनों के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित चुनाव कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एरिया में यह सुनिश्चित करें की इन वर्गों के कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं।

# यूपीएससी: 356वां रैंक प्राप्त करने वाली प्रतिभा को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** यूपीएससी की परीक्षा में 356वां रैंक हासिल करने वाली जुलानी गांव की बेटी प्रतिभा सहारण को सोमवार को ग्राम पंचायत और ग्राम वासियों की ओर से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माजरा खाप के प्रधान सरदार गुरविंद्र सिंह विशेष रूप मौजूद रहे। गांव के युवा और महिलाओं द्वारा बेटी का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। खुली गाड़ी जींद से गांव तक जुलूस के रूप में सम्मान किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच नरेश कुमार ने बेटी को स्मृति चिन्ह देकर गांव की तरफ से सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। माजरा खाप की तरफ से सरदार गुरविंद्र सिंह, महेंद्र सहारण ने स्मृति चिन्ह और पटका देकर प्रतिभा सहारण को सम्मानित किया। इस



अवसर पर प्रतिभा सहारण ने बताया कि यह उपलब्धि उसकी मेहनत से मिली है। वो छोटे बहन भाइयों से आग्रह करूंगी कि वह मेहनत के दाम पर ही अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर सरदार गुरविंद्र सिंह ने कहा कि बेटी ने माजरा खाप का नाम पूरे देश में रोशन किया है। हमें अपनी बेटी पर गर्व है। आगे भी हमारे बच्चे इसी प्रकार जिले का नाम रोशन करते रहेंगे। केवल सिंह जुलानी ने कहा कि हम अपनी बहनों को बहुत आगे तक देखना चाहते हैं।

इसलिए सभी लड़कियां गांव की बनी लाइब्रेरी में ज्यादा से ज्यादा मेहनत करें और अपने गांव का

**रोशन किया**

**8 हमें अपनी बेटी पर गर्व है। आगे भी हमारे बच्चे इसी प्रकार जिले का नाम रोशन करते रहेंगे**

नाम रोशन करें। सुरेश सहारण बताया कि प्रतिभा पहली से पांचवीं तक इस स्कूल की छात्रा रही है। सरपंच नरेश भुक्कल ने कहा कि यह गांव के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, वीरभान, दिनेश कुमार, बलवीर सिंह, जयपाल, रोहताश शर्मा, जवाहर सिंह, देवीलाल, नरेंद्र सांगवान, अनूप सिंह, रणधीर सिंह, उमर सिंह, अनीता देवी, कमला देवी, संतोष देवी, नीलम कुमारी, काजल, गीता आदि मौजूद रहे।

# प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने किया मंडियों का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं जिला के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता व डीसी प्रशांत पंवार ने सोमवार को कैथल की अतिरिक्त अनाज मंडी, गुहला व कलायत मंडी के साथ ढांड के अदानी साईलो का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद आढ़तियों एवं किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि उठान कार्य भी किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए अन्यथा संबंधित ट्रांसपोर्टर व अधिकारी में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। तय समय सीमा में किसानों की फसल का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सभी मंडी नोडल अधिकारी एवं संबंधित एसडीएम अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का सही

**दौरा**

**8 किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए अन्यथा ट्रांसपोर्टर व अधिकारी में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी**

निर्वहन करें और खरीद प्रक्रिया की मोनिटरिंग निरंतर करते रहे। प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने नमी मापक यंत्र से फसल में नमी की मात्रा को चेक किया। इसके अलावा उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आढ़तियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दें।

# राजौंद में बाइक की टक्कर से दूसरी बाइक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कस्बा राजौंद में दो मोटरसाइकिल आमने-सामने एक दूसरे से टकरा गई हादसे में एक मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को दूसरे मोटर साइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राजौंद थाना में दी गई शिकायत में वार्ड नंबर चार के निवासी रामफल ने बताया कि उसका भांजा हिमांशु करीब 10 दिन पहले उनके पास राजौंद आया हुआ था। वह सोमवार सुबह के समय करीब 10 बजे सुबह भांजा हिमांशु, भांजी कनिका को दवाई दिलवाने के लिए बाइक पर पूंडरी रोड स्थित एक अस्पताल में डॉक्टर के पास जा रहे थे। जब वे पूंडरी रोड पर अस्पताल से थोडा पीछे थे तो सामने से आ रही एक बाइक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मारी।

# कैथल से चार जजों का तबादला

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** चार जजों के ट्रांसफर होने पर जिला बार एसोसिएशन की ओर से सोमवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले बार रूम में पहुंचने पर बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक, उप प्रधान विनय गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन ठाकुर और कोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा ने उनका स्वागत किया। बता दें कि कैथल के तीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले अलग-अलग जिलों में हो गए हैं, जबकि एक न्यायाधीश को प्रमोशन मिला है। एडीजे डा. गगनदीप कौर सिंह को एडीजे और प्रिंसिपल जज पारिवारिक न्यायालय करनाल में नियुक्त किया गया है। एडीजे कृष्ण कांत को इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल और

**विदाई**

**8 चार जजों के ट्रांसफर होने पर एसो. की ओर से सोमवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन**

लेबर कोर्ट और एडीजे रोहतक भेजा गया है। उनके पास हिसार के प्रिजाइडिंग आफिसर लेबर कोर्ट का भी अतिरिक्त चार्ज रहेगा। इसी प्रकार एडीजे कैथल संगीता राय सचदेव को एडीजे और प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट रोहतक नियुक्त किया गया है।

डीएलएसए के सचिव सीजेएम दानिश गुप्ता को प्रमोशन पर एडीजे जगाधरी भेजा गया है। कैथल में जो नए न्यायाधीश आए हैं, उनमें इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल एंड लेबर कोर्ट अंबाला से अनूपमिश मोदी को एडीजे कैथल लगाया गया है। डाक्टर नंदिता कौशिक एडीजे और फैमिली जज जगाधरी को एडीजे कैथल लगाया गया है। इसी प्रकार जींद के सिविल जज सीनियर डिवीजन विवेक यादव को प्रमोशन पर एडीजे कैथल नियुक्त कर दिया गया है। बलजिंदर मलिक ने कहा कि जाने वाले चारों जजों के साथ यहां के वकीलों का तालमेल बहुत बेहतर रहा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋतु वाईके बहल ने कहा कि यहां से जो जज ट्रांसफर होकर जा रहे हैं, उनके साथ उन्हें पहले भी काम करने का मौका मिला है। सभी के साथ उनका कार्यकाल बेहतरीन रहा। वकीलों ने तबादला हुए जजों के उज्ज्वल भविष्य और सुख समृद्धि की कामना की।

# सचिव ने नप में सफाई न मिलने पर लगाई लताड़

## स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय में फोन मिलाकर अधिकारियों को दिए सीटी स्कैन का दौरा करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** जिला कैथल के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने सोमवार को नगर परिषद परिसर का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर परिषद परिसर में बने कार्यालयों की शाखाओं में पहुंचकर जांच की और वहां सफाई न मिलने पर अधिकारियों को लताड़ लगाई। निरीक्षण के बाद एसीएस ने नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग सहित पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक पार्षदों ने पार्किंग और सिटी स्कवेयर का काम पूरा न होने पर रोष जताया। पार्षदों का कहना था कि पार्किंग का निर्माण न होने के कारण शहर में जाम की समस्या है।



इसकी अनुमति मुख्यालय की ओर से नहीं दी जा रही है। वहीं, शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट सिटी स्कवेयर का काम काफी ढीला होने पर अपना रोष भी जताया। इसमें संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की। इस पर एसीएस विकास गुप्ता ने सिटी स्कवेयर परियोजना के निर्माण को लेकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय में फोन मिलाया और संबंधित अधिकारी को कैथल में सिटी स्कवेयर निर्माण की स्थिति पर दौरा करने के निर्देश जारी किए।

**पार्षदों में कचरा उठाने में भ्रष्टाचार करने के लगाए आरोप :** एसीएस विकास गुप्ता ने जांच के दौरान नगर परिषद भवन के परिसर में सफाई न मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के तहत सबसे पहले एसीएस ने प्रॉपर्टी टैक्स की शाखा का दौरा किया। यहां पर प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर जानकारी ली। यहां पर परिसर में सफाई नहीं मिली। इस पर एसीएस ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि भवन तो इतना अच्छा बना लिया, लेकिन इसकी सफाई नहीं की गई। अपने ही घर जैसे कार्यालय में सफाई को लेकर लापरवाही क्यों की जा रही है। कहा कि बिल्डिंग तो अच्छी बना ली, लेकिन सफाई कहां है। ग्रेनाइट भी लगा लिया। ग्रेनाइट लगाने का क्या फायदा, जब इस पर सफाई ही नहीं है।

# मातम में बदलीं खुशियां : शादी के दिन हुई दुल्हन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** विनय नगर इलाके में सोमवार को घर में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। एक सड़क दुर्घटना में दुल्हन की मौत हो गई, जबकि दो भाइयों और दुल्हन की सहेली गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को दिल्ली के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद-दिल्ली बॉर्डर पर मोल्डबंद में रहने वाली अंकिता मुथूट फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। उसका परिवार मूलरूप से बिहार के वैशाली का रहने वाला है। सोमवार को 22 अप्रैल को अंकिता की शादी थी। घर में नाते रिश्तेदार जुटे थे और खुशी का माहौल था। परिवार बारात आने से पहले घर में होने वाली शादी की रस्में पूरी करने में जुटा था। अंकिता के मौसा मिथलेश कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह चाचा सिया राम के घर में रस्म के चलते पूजा पाठ का कार्यक्रम था। इसमें भाग लेने के लिए अंकिता अपने भाई सुमंकित, चचेरे भाई निशांत कुमार व एक सहेली के साथ कार से चाची के घर जा रह थे। तभी उनकी कार सेक्टर 37 बाइपास रोड पर खड़े ट्रक से टकरा हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार सभी चारों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से अंकिता, उसके भाइयों व सहेली को पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। अस्पताल में अंकिता की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# पूर्व फौजी को लगाया साढ़े पांच लाख का चूना

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** जिले के कस्बा हांसी के प्रेमनगर स्थित हरियाणा बीज भंडार के संचालक व रिटायर्ड फौजी इंद्र सिंह के साथ लॉटरी चलाने वाले एक दंपति द्वारा 5.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हांसी शहर पुलिस ने रिटायर्ड फौजी इंद्र सिंह की शिकायत पर लॉटरी संचालक सोमनाथ पोपली व उसकी पत्नी राज पोपली के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर निवासी रिटायर्ड फौजी इंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि वह खेतीबाडी के साथ-साथ उमरा रोड़ प्रेम नगर में हरियाणा बीज भण्डार

**फर्जीवाड़ा**

**8 लॉटरी चलाने वाले पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज, मामले की जांच शुरू**

के नाम से खाद बीज, दवाईयों की दुकान चलाता है। वर्ष 2004 में लॉटरी संचालक रुप नगर कालोनी निवासी सोमनाथ पोपली ने उसके पास और उससे लॉटरी डालने के लिए कहा। फौजी ने बताया कि उसने सोमनाथ पोपली के साथ 2004 में लॉटरी सिस्टम आरम्भ किया था जिसका संचालक सोमनाथ पोपली स्वयं है तथा हांसी शहर के काफी व्यक्ति इसके द्वारा संचालित लॉटरी सिस्टम के सदस्य हैं। फौजी ने बताया कि काफी दिनों तक सोमनाथ पोपली द्वारा चलाई जा रही लॉटरी का सिस्टम ठीक ढंग से चलता रहा है लेकिन उसके द्वारा लगाई गई आखिरी लॉटरी में 6 मई 2023 को उसने सोमनाथ पोपली के पास 49250 रुपए जमा करवाये थे। इस लॉटरी की एवज में उसकी तरफ से सोमनाथ पोपली के पास कुल 5.50 लाख रुपए जमा हो चुके हैं और पिछली करीब 5-6 लॉटरियों की किस्त की स्वयं सोमनाथ पोपली द्वारा हस्तलिखित रसीद उसके पास मौजूद हैं। फौजी ने बताया कि सोमनाथ पोपली द्वारा चलाई जा रही लॉटरी सिस्टम में उसकी पत्नी राज पोपली भी उसकी

# सभी निजी स्कूलों की 1200 बसों का चैक करे: डीसी राहुल नरवाल

## डीसी ने जिलावासियों से की अपील : बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावक स्वयं छोड़े या स्कूल बस का ही करें प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सडक सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक दुर्घटनाओं में लापरवाही की वजह से किसी की जान नहीं जानी चाहिए। सभी एजेंसियां यह सुनिश्चित करे ले कि उनके विभागों की सडकें ठीक है। लोगों में जागरूकता के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर वाहनों के चालान भी किए जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित



क्षेत्रों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाए। हाइवे व अन्य सडकों पर अवैध कट नहीं होने चाहिए। अगर ये अवैध कट बने हुए है तो इनको जल्द से जल्द बंद करवाया जाए और नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध एनएचएआई तथा संबंधित विभाग एफआईआर दर्ज करवाए। उपायुक्त ने जिलावासियों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को स्कूल में स्वयं छोड़ें या स्कूल में भेजने के लिए स्कूल बस का ही प्रयोग करें, ऑटो या किसी अन्य अवैध वाहन का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी इन निदेर्शों की अवहेलना कर वाहन चलाता हुआ पाया गया तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे ई-रिक्शा, ऑटो, मैक्सी कैब के अलावा अन्य वाहनों को भी चैक करें और यह सुनिश्चित करें कि इनमें क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए और सभी दस्तावेज भी उनके पास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सुरक्षित वाहन पॉलिसी के मानकों जैसे स्पीड गवर्नर, ऑनर का नाम, बस पर पीला पेंट, फिटनेस सर्टिफिकेट, ड्राइवर का समय-समय पर हेल्थ चेकअप, ड्राइवर संबंधित लाइसेंस की जांच, आधार नंबर व मोबाइल नंबर आदि चेक करें।

उन्होंने सडक निर्माण से जुड़ी हुई सभी एजेंसियों को निर्देश दिए है कि वे अपनी-अपनी सडकों से ब्लैक स्पॉट को हटाने के लिए काम करें ताकि यातायात सुगम रहे और कोई दुर्घटना ना घटे। उन्होंने आरटीए व जिला में गठित कमेटी को निर्देश दिए कि वे निजी स्कूलों की सभी 1200 बसों की चेकिंग करें। इसके अलावा जिला में अगर अन्य गैर कानूनी रूप से स्कूली बसें चल रही है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

## न्यूज फ्लैश

### मतदान पर किया जागरूक




**समालखा ( कुलदीप सिंह )** मतदान पर किया जागरूक समालखा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी मतदान पर जागरूकता रैली निकाली गई।तदुपरान्त बच्चों से मतदान पर पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता करायी गई।इसी अवसर पर सीमा ने अपने वक्तव्य में मतदान को अपरिहार्य बतलाया तो अंजली ने कक्षा मानीटर व सरपंच के महत्व के साथ मतदान को जोड़कर छात्रों को जागरूक किया। सुमित सचदेवा ने भी प्रेरणादायक उद्बोधन से छात्रों को लाभान्वित किया।अंत में प्राचार्य सतपाल सैनी ने आगन्तुकों का धन्यवाद किया।इस अवसर पर प्राचार्य अमित, प्रमोद, राजेश, प्रदीप,रिंकु सहरावत, संतोष, सीमा,सुनील व कुलदीप उपस्थित रहे।

### डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में मदर अर्थ डे मनाया गया



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में मदर अर्थ डे मनाया गया। दयानंद सदन इंचार्ज मीनाक्षी सेतिया तथा मीनाक्षी चोपड़ा के निर्देशन में मदर अर्थ डे मनाने के लिए सभी छात्र अध्यापक गण विद्यालय के प्रांगण में इकट्ठा हुए । नवी कक्षा से पार्थ जैन पार्थ शर्मा तथा कार्तिक ने मदर अर्थ डे पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इन्होंने अपने वक्तव्य में पृथ्वी के संरक्षण के लिए और पर्यावरण को बचाने के लिए कुछ उपाय सुझाए जिनका अनुसरण करके हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी बच्चों ने बहुत सुंदर और आकर्षक पोस्टर बनाएं जिसमें पृथ्वी को संरक्षित करने का उपाय दशार्या गया था । प्रतियोगिता में छठी कक्षा से शिवांशी ने प्रथम कार्तिक ने द्वितीय तथा कुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया आठवीं कक्षा में सुनैना प्रथम लक्ष्य द्वितीय कथा अनुज सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । आठवीं ब में प्रिंसिया ने प्रथम जीविका ने द्वितीय तथा वंशिका पवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतियोगियो की हौसला अफजाई की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### किड्ज़ी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में पौधारोपण करके मनाया पृथ्वी दिवस



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : किड्जी,किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर- 3 कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया, जिसमे कक्षा चौथी और पांचवी के लिए स्लोगन प्रतियोगिता व कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
कक्षा पांचवी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने स्किट के द्वारा दशार्या कि प्रदूषण के कारण धरती कितनी प्रभावित हुई है और अपनी रक्षा के लिए पुकार रही है।कक्षा नर्सरी से सीनियर के जी के बच्चो द्वारा भी पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रस्तुति दी गई।

# भोर भई दिन चढ़ गया मेरी अम्बे, हो रही जय-जयकार मंदिर विच......

## गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला कार्यकारिणी द्वारा प्रेम नगर के श्री सनातन धर्म हरि मंदिर में भजन संध्या "तेरी महिमा अपरम्पार" आयोजित

**समां बांधा**

**8 11 गायकों ने चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में माँ दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला कार्यकारिणी द्वारा प्रेम नगर के श्री सनातन धर्म हरि मंदिर में भजन संध्या "तेरी महिमा अपरम्पार"आयोजित की गई। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अँगिरस ने बताया कि समूह के म्यूज़िकल ग्रुप "गाता रहे मेरा दिल" के 11 गायकों ने चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में माँ दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के पुजारी पण्डित शिव कुमार शर्मा ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ व संरक्षक जितेंद्र बंसल सहित मुख्य यजमान डॉ. संजय गौतम परिवार,उद्योगपति रोहित जैन,मंदिर कमेटी प्रधान सुशील भारद्वाज,महासचिव पंकज बाली और कोषाध्यक्ष अश्वनी मेहता आदि पदाधिकारियों से सर्वदेव पूजन संपन्न करवाया। तत्पश्चात निखिल गौतम ने माँ की पावन जोत प्रज्ज्वलित की जबकि वरिष्ठ पदाधिकारी राज अरोड़ा ने माँ की चुनरी रस्म निभाई। इसके पश्चात कुरुक्षेत्र से मनोज वशिष्ठ द्वारा गणेश वन्दना एवं सुनील वत्स द्वारा गुरु एवं सरस्वती वन्दना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में स्टार सिंगर कुमार विनोद ने तूने मुझे बुलाया शेरांवालिए .. व प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी....,जिला अम्बाला प्रभारी करमजीत सिंह ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है ...,मधु शर्मा ने ओ जंगल के राजा मेरी मैय्या को ले के आ जा....,राज रानी ने दुर्गा है मेरी मां अम्बे है मेरी मां...,अम्बाला सिटी इंचार्ज विनोद कुमार जांगड़ा ने सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली,बिगड़े बना दे मेरे काम दातिए..,कबीर भोला ने दाती दे दरबार कंजका खेड़दियां....,कैलाश रानी ने भोर भई दिन चढ़ गया मेरी अम्बे, हो रही जय-जयकार मंदिर विच ....,रेणु शर्मा ने आई सिंह पे सवार मैय्या ओढ़े चुनरी ....और कमलेश गाबरी ने जोतां दी ए लौ दातिए... इत्यादि भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मंच का संचालन संरक्षक जितेंद्र बंसल ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात मां दुर्गा को मिष्ठान्न और फलों का भोग लगाया गया। पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंजा।
इस अवसर पर अम्बाला कैंट से राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,कुरुक्षेत्र से सतपाल नारंग व नीरज सैनी, उन्केश गोयल,प्रकाश सिंह,बृजमोहन, अभिमन्यु, के डी दत्त,विनोद भोला,वेंकेश, मान सिंह काकरान, रोशन लाल,जय भगवान शर्मा, नीरू गौतम,काजल,ज्योति भोला, संतोष शर्मा, कांता,रूबी शर्मा, वर्षा, मोतिया रानी,यशिका बाली और केशवी सहित अन्य शामिल रहे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में मनाया अर्थ-डे



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे अर्थ डे मनाया गया। अर्थ डे के उपलक्ष्य मे आठवीं कक्षा के छात्र भव्य ने अपने विचार प्रस्तुत किये और धरती को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए प्रेरित किया कि हमें प्लास्टिक के स्थान पर कपडे के थैले प्रयोग लाने चाहिए। प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। इस धरती को बचाने के लिए सबसे आवश्यक है कि हम वृक्ष बचाएं। वृक्षों की कटाई की समस्या को लेकर विद्यालय के छात्रों द्वारा एक लघु नाटिका प्रतुत की गई जिसमे दशार्या गया कि हम अपने रहने के लिए लगातार वृक्षों की कटाई कर रहे है लेकिन जब वृक्ष नहीं रहेंगे तो हम कहाँ से स्वस्थ वायु, भोजन, दवाइयाँ, लकड़ी आदि प्राप्त करेंगे। ऐसा करके हम अपने लिए प्रदूषित

**जागरूक किया**

**8 धरती को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए प्रेरित किया कि हमें प्लास्टिक के स्थान पर कपडे के थैले प्रयोग लाने चाहिए**

जीवन उत्पन्न कर रहे है। हमें सावधान होना चाहिए कि वृक्षों की कटाई बंद कर दे व अपने भविष्य को सुरक्षित कर सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने घर के आस-पास भी एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए व उसकी देखभाल भी करनी चाहिए ताकि वह पौधा बड़ा होकर वातावरण को स्वच्छ रखेगा व घर के आस-पास हरियाली भी रहेगी व प्लास्टिक की वस्तुएं उपयोग मे न लाने के लिए प्रेरित किया।

# धरती बचाओ, जीवन बचाओ का दिया संदेश




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल जोरासी रोड समालखा में अर्थ - डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने हरे रंग की पोशाकें पहनकर सबको पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को साफ और प्रदूषण रहित बनाने का संदेश लिया गया। पौधारोपण के साथ संदेश और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जागड़ा ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि पृथ्वी सभी जीवो के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत पेड़ या फिर प्रकृति से संबंधित वस्तुएं इंसानों को होती है, पृथ्वी हमें प्रदान करती है समय के साथ सभी प्राकृतिक संसाधन समय से पहले ही समाप्त हो सकते हैं ऐसे में मनुष्य के लिए पृथ्वी पर जीवित रहना कठिन हो जाएगा। मुख्य अध्यापिका अनीता धीमान ने बताया प्रकृति प्रदत्त चीजों का संरक्षण करने की हम सभी को आवश्यकता है। सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पोस्टर मैकिंग में शौर्य कक्षा सातवीं से प्रथम कक्षा आठवीं से तन्वी द्वितीय आठवीं बी से सानू ,अदिति सातवीं बी से तृतीय स्थान पर रही।

### माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्यामः डॉ तरसेम



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता का दर्जा प्राप्त है तथा पृथ्वी को धरती माता के नाम से पुकारा जाता है क्योंकि मनुष्य सहित सभी जीव जंतुओं का पोषण जीवन पर्यंत तक पृथ्वी द्वारा प्रदत्त प्राकृतिक संपदा के द्वारा ही होता है। मनुष्य अपनी जननी के बिना तो जीवित रह सकता है परंतु पृथ्वी द्वारा प्रदत्त प्राकृतिक संपदाओं के बिना मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के फलस्वरूप आज पृथ्वी का ममतामयी रूप विकृत हो गया है तथा विश्व के समक्ष जलवायु परिवर्तन का खतरा मंडरा रहा है। पृथ्वी द्वारा प्रदत्त प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन के कारण जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रासायनिक प्रदूषण इत्यादि भयावह समस्याओ ने मनुष्य के अस्तित्व को चुनौती दी है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में 22 अप्रैल 1970 में हुई थी।

# कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

## स्मार्ट कक्षा से बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में होगा सुधार- प्रो. वैद्य करतार

**आधुनिकता**

**8 कुलपति ने कहा कि स्मार्ट कक्षा से बच्चे आधुनिकता की दौड़ में कदमताल कर सकेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में सोमवार को कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान द्वारा स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को इंटरेक्टिव पेनल का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि स्मार्ट कक्षा से बच्चे आधुनिकता की दौड़ में कदमताल कर सकेंगे। विद्यार्थी जहां नई टेक्नोलॉजी से जुडेंगे साथ-साथ पढ़ाई में भी रूची लेंगे। उन्होंने कहा इस नई टेक्नोलॉजी से हालांकि शिक्षकों को प्रारंभ में थोड़ी असुविधा जरूर होगी मगर जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसमें सफलता न पाई जा सके। निश्चित रूप से स्मार्ट क्लासरूम का लाभ बच्चों को जरूर मिलेगा। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि यह स्मार्ट इंटरेक्टिव पेनल जिला कुरुक्षेत्र की एचडीएफसी बैंक की शाखा द्वारा सीएसआर फंड द्वारा लगाए गए हैं। एचडीएफसी बैंक द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े अनेक कार्यों को प्रोत्साहन दिया जाता है। ताकि समाज में निरंतर सेवा कार्यों का विस्तार होता रहे। उन्होंने कहा कि इन स्मार्ट क्लास से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। परन्तु सुविधाओं के साथ उनकी संभाल भी आवश्यक है। जिस गति से आयुष विश्वविद्यालय प्रगति कर रहा है वह दिन दूर नहीं जब यह संस्थान विश्व का श्रेष्ठ संस्थान बनकर उभरेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. जेके पंडा, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. कृष्ण जाटियान, डॉ. कृष्ण जाटियान, डॉ. बृजेंद्र सिंह तोमर एवं अन्य प्राध्यापक गण मौजूद रहे।

# जी वी एम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** जी वी एम पब्लिक स्कूल में धरती बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य से स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया जी वी एम पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन समालखा में पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को साफ व प्रदूषण रहित बनाने का प्रण लिया गया कपौधारोपण के साथ नारा लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया क प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल ने सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया क स्कूल अध्यापिका कृतिका और शालू ने गायन के द्वारा बच्चों तक अपना संदेश पहुंचाया क साथ ही विद्यार्थियों ने पृथ्वी की रक्षा में पूरा सहयोग देने का प्रण लिया कइस दौरान बच्चों ने भाषण के माध्यम से जल के महत्व के बारे में बताया प्रधानाचार्या ने इस कार्यक्रम में बताया कि पृथ्वी दिवस को सबसे पहले 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में मनाया गया कइस अवसर पर स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा सहित विद्यालय प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल व उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी बरतवाल और अध्यापक स्टाफ भी मौजूद रहा।

# पृथ्वी दिवस पर आदर्श संस्कृति गुलडेहरा मे किया पौधारोपण

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** आज पृथ्वी दिवस पर राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा मे पौधारोपण किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक नीरज वर्मा ने किया सबसे पहले विद्यालय मे पौधारोपण किया गया और साथ ही उपस्थित बच्चो और ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि हमारी पृथ्वी ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती है। बिना कुछ लिए हमें पृथ्वी से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं` इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता




है कि हम भी पृथ्वी को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए पेड़ लगाएं` विद्यालय के मुख्याध्यापक व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियो को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि बच्चों को पर्यावरण की देखभाल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है। पेड़ो की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदुषण बढ़ रहा है जिससे सांस की बिमारियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने प्रकृति के साथ अनावश्यक छेडछाड़ को घातक बताया । उन्होने सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की गतिविधियो बारे विस्तार पूर्वक बताया ओर अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया के सहयोग से विद्यालय के सभी बच्चो को डाबर रियल जूस वितरित किए गए ओर सभी बच्चो को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि पृथ्वी का आस्तित्व बरकरार रह सके।

**रणनीति**

**8 प्रकृति के साथ अनावश्यक छेड़ छाड़ जनजीवन के लिए घातक : पवन मित्तल**

### श्री गौड़ ब्राह्मण सभा की वार्षिक बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया: नारनौल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा (रजि.) नारनौल जिला महेंद्रगढ़ की आम सभा की बैठक आज सभा भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने की। इस अवसर पर सभा प्रधान ने वित्त वर्ष 2023-24 का आय-व्यय का लेखा सभा के कॉलेजियम सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया, इस पर सभी सदस्यों ने वित्त प्रबंधन व सभा को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए प्रधान एवं कार्यकारिणी सदस्यों धन्यवाद किया। सभा ने सर्वसम्मति से आय-व्यय का विवरण को स्वीकार करते हुए सभा की आर्थिक स्थिति प्रत्येक वर्ष की भांति मजबूत करने के लिए सभा प्रधान का धन्यवाद किया।

# विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े साधकों ने तीन सत्रों में ध्यान का महत्व समझा

## भगवान महावीर के बताए पंचमहाव्रत पर आधारित ध्यान शिविर में साधकों ने सीखी ध्यान की विधियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य, अकाम व अप्रमाद पर केंद्रित महावीर जयंती ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में यह ध्यान शिविर तीन सत्रों में आयोजित किया गया। ओशो ध्यान उपवन में स्थापित भगवान महावीर के मंदिर में पहुंचकर साधकों ने नमन किया और नमोकार मंत्र को श्रवण किया। इसके उपरांत ध्यान शिविर के प्रथम सत्र की शुरूआत हुई। ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि पहला सत्र अप्रमाद पर आधारित रहा। यहां अप्रमाद से तात्पर्य होश की यात्रा से है। भीतर



हमारी जो जीवन चेतना है, वह पूरी तरह जागृत हो। हम जीवन में होशपूर्ण व्यवहार करें। इस दौरान साधकों को सक्रिय ध्यान का अभ्यास करवाया गया।
स्वामी संजय ने बताया कि द्वितीय सत्र अपरिग्रह पर केंद्रित रहा। अपरिग्रह से तात्पर्य भीतर की पूर्णता को पाना है। जब भीतर पूर्णता भरती है तो बाहर चीजों को भरने की दौड़ खत्म हो जाती है। इस सत्र में कुंडलिनी ध्यान का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि तीसरा सत्र भगवान महावीर के

**ध्यान शिविर**

**8 भगवान महावीर को नमन करके साधकों ने ध्यान शिविर में पंचमहाव्रत को समझा : स्वामी संजय**

अहिंसा महाव्रत पर आधारित रहा। मां रेणुका ने अहिंसा का अर्थ विस्तार से समझाया। मां रेणुका ने कहा कि जीवन प्रेम से भरा होना चाहिए। अपने भीतर का अधूरापन प्रेम से ही पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो इंसान अहिंसा के सही मायने समझ लेता है उसके जीवन में उल्लास व आनंद की कोई सीमा नहीं रहती। इस दौरान संगीत व सुर लहरियों से सामंजस्य स्थापित कर-के साधक आनंद से झूमने लगे।
स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य, अकाम व अप्रमाद पर आधारित अनेक व्याख्यान दिए हैं। संत ओशो ने कहा है कि अपने भीतर जागृति पैदा करो और विवेक का प्रयोग करो।
विवेक से उठो, जागो, सोओ और भोजन सहित तमाम कार्य विवेक से करो। इसी भांति संत ओशो ने भगवान महावीर के पंचमहाव्रत को विस्तार से समझाया है। ध्यान शिविर के दौरान साधकों को संत ओशो के व्याख्यान सुनने का भी अवसर मिला।

# ब्रह्माकुमारीज की ओर से कृष्णा दीदी को मासिक श्रद्धांजलि दी

**निखारा**

**8 दीदी त्याग और तपस्या की मूर्त थी और सभी के गुणों को निखारने का काम करती थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज पन्ना कॉटेज अम्बाला छावनी की तरफ से अम्बाला जोन इचार्ज आदरणीय कृष्णा दीदी जी के प्रति मासिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में रायपुररानी , शाहबाद, सदौरा, शाहजाद?पुर, मुलाना, भंटिडा, जग्गी कालोनी, बराड़ा, नारायणगढ़, स्थानों से कई बहनों ने अपने सहासुमन अर्पित किए। इसमें बठिंडा सर्किल की डायरेक्टर राजयोगिनी कैलाश दीदी ने कृष्णा दीदी के साथ का व अन्य अनुभव सुनाते हुए कहा कि दीदी त्याग और तपस्या की मूर्त थी और सभी के गुणों को निखारने का काम करती थी। पन्ना कॉटेज सेन्टर इंचार्ज रानी दीदी ने अपने अनुभव में कहा कि दीदी ने हमें माँ की तरह हर काम करना सिखाया और माँ का प्यार दिया।
रायपुरानी से आई किरण दीदी ने सुंदर गीतों द्वारा अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोभा दीदी ने अपने अनुभव में कहा कि दीदी ने हमें हर परिस्थिति में आगे बढ़ने में पूरा सहयोग दिया।



## न्यूज फ्लैश

### पूर्व एसपी अनूप दहिया को इनेलो पार्टी ने बनाया सोनीपत से प्रत्याशी

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**

**खरखौदाः इनेलो पार्टी की तरफ** से सिसाना के अनूप दहिया को सोनीपत से अपना प्रत्याशी बनाया गया है। अनूप दहिया पूर्व एसपी हैं। जिन्हें इनेलो की तरफ से सोनीपत से चुनाव मैदान में उतारा गया है। सिसाना के रहने वाले अनूप दहिया प्रेजिडेंट पुलिस पदक प्राप्त करने के साथ ही द्रोणाचार्य अवार्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्हें उन्हें स्टेट स्पोर्ट्स अवार्ड भी मिल चुका है। सिसाना के अनूप दहिया को इनेलो की तरफ से सोनीपत लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। सोमवार को इनेलो पार्टी की तरफ से टिकट वितरण किया गया। इस दौरान इनेलो की तरफ से सिरसा से संदीप लोट, फरीदाबाद से सुनील तेवतिया और सोनीपत से अनूप दहिया को टिकट दी गई है।



### गलतियों से जादू तकः W.i.S.H के गलती ने पॉप की दुनिया में एक नई क्रांति पेश की

**नई दिल्लीः** नियमों के अनुपालन की दुनिया में W.i.S.H. अपने नए सिंगल, गलती में आजाद होकर पॉप संगीत के परिदृश्य में एक नई क्रांति लेकर आई हैं। यह नया इलेक्ट्रिफाइंग ट्रैक सभी युवाओं के लिए निडरता से जीने का मैनिफेस्टो लेकर आया है। गलती केवल एक गाना ही नहीं, बल्कि एक सोनिक सफर है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से बेफिक्र होकर अपने दिल की तानों पर झूमने के लिए आमंत्रित करता है। अपनी आकर्षक बीट्स और आत्मविश्वास से भरे बोलों के साथ यह लोगों को अपनी मौलिकता अपनाने और हर पल का पूरा आनंद लेने की प्रेरणा देता है। गलती की प्रेरणा कैसे मिली, इस बारे में W.i.S.H. गर्ल्स ने कहा, हम जिस दुनिया में रहते हैं वहाँ बंधनों को मानने और नियमों का पालन करने के लिए कहा जाता है। गलती इसी भावना के खिलाफ हमारा विद्रोह है। यह हमारी कमियों को स्वीकार करने और गलतियों का जश्न मनाने के बारे में है। इस गीत में स्वतंत्रता की भावना के साथ सहजता और सौहार्द का जश्न मनाया गया है। हम गलती को चुलबुले विद्रोह का प्रतीक बनाना चाहते हैं, जो लोगों को बेझिझक डांस करने और हर पल का जादू महसूस करने की प्रेरणा दे। गर्ल्स ग्रुप के दूसरे सिंगल के बारे में मिकी मैकक्लेरी ने कहा, गलती एक मनोरंजक पार्टी गीत है, जिसमें स्वीकार किया गया है कि गलती हम सभी करते हैं। इसमें एक अन्य नए बे म्यूजिक हाउस कलाकार MxRZI ने रैप भी दिया है। मुझे और मेरी टीम को इस आकर्षक पॉप गीत पर गर्व है। हमें उम्मीद है कि यह सुनकर लोग डांस करने लगेंगे, और अपनी गलतियों की फि क्र करना छोड़ देंगे।




### विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**पानीपतः रबी** फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 189664 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 168908 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। 75957 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 65129 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 3350 का उठान किया जा चुका है।

# भाजपा के शासन में सशक्त और आत्मनिर्भर हुई महिलाएंः सुमन सैनी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई अनेकों योजनाएंः सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बेहतरीन कार्य किए हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं, जिनसे आज पूरे देश में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। यह केवल नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। सुमन सैनी सेक्टर-4 में अमित जैन, सेक्टर-6 में रंजू व अलका चौधरी के निवास पर पहुंची और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और करनाल विधानसभा से नायब सैनी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों एवं महिलाओं ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा उपचुनाव से मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतो से जिताकर भेजेंगे।



सुमन सैनी ने कहा कि आज महिलाएं छोटे उद्योग स्थापित करने में आगे बढ़ रही हैं और इसके लिए उन्हें ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए उन्हें गारंटी देनी पड़ती है। इससे राहत देने के लिए इस बार के बजट में सरकार ने वेंचर कैपिटल फंड के रूप में 200 करोड़ रुपये केवल गारंटी उपलब्ध करवाने के लिए प्रावधान किया गया है, ताकि महिलाओं को ऋण के लिए गारंटी न देनी पड़े। इतना ही नहीं, स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की भलाई के लिए किए हैं। अब महिलाएं भी नरेंद्र मोदी का साथ देंगी और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगी। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सैनी का जनता साथ देगी और भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।

## जनता का आशीर्वाद मनोहर लाल और नायब सैनी के साथः हरविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा के विधायक** एवं करनाल लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि करनाल लोकसभा की जनता का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के साथ है। करनाल की जनता मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को एक बड़ी और रिकार्ड जीत दिलवाएगी। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र का महापर्व है और हर किसी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके शासन में देश सुरक्षित और ताकतवर बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का नाम गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि



मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश को जिस तरह से पिछले 10 सालों में चमकाया है आज दूसरे प्रदेश भी मनोहर लाल की नीतियों से प्रभावित हैं और मनोहर लाल की नीतियों को अपना रहे हैं। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों तक प्रदेश की सेवा की है और जनता की समस्याओं को अपना समझकर उनका हल किया है।

## नागरिक एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणितः मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा ने सभी नागरिकों से अपील करते कहा है कि वे एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करें तथा प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को लॉक करें। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को लॉक करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेडखानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। ऐसा करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करते ही प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इसके पश्चात अगर कोई भी व्यक्ति इसमें ऑब्जैक्शन लगाना चाहता है तो उसके लिए ओ.टी.पी. सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक के पास आएगा। इसके बिना वह कुछ नहीं कर सकता। निगमायुक्त ने बताया कि उपरोक्त



कार्य को करने के लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर सभी सम्पत्ति धारकों से सम्पर्क कर प्रॉपर्टी आई.डी. का डाटा स्व-प्रमाणित करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी सम्पत्ति धारकों से अपील करते कहा है कि वह इस कार्य के लिए नगर निगम की टीमों का सहयोग करें।

## पेड़ों में फंसे ट्री गार्डों से किया मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। समाजसेवी** संस्था लक्ष्य जनहित सोसाइटी ने काछवा में पहले भी अभियान चलाकर दर्जनभर से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों में फंसे ट्री गार्डों से मुक्त करवाया था। गांव काछवा में कुम्हारों वाली सडक पर वर्षों से लगे पेड़ अब काफी बड़े वा मोटे हो गए हैं। पेड़ बड़े होने की वजह से ट्री गार्ड मे फंस चुके हैं और पेड़ों को फलने फूलने मे दिक्कत आ रही थी। यह पेड़ ग्राम पंचायत काछवा द्वारा लगाए गए थे। ग्राम पंचायत काछवा के पूर्व सरपंच डा. चन्द्र मणि नारंग ने काफी संख्या में गांव के अंदर व फिरनी पर ट्रीगार्ड लगवाकर पौधरोपण किया था। इनमें से जिनके तने मोटे हो गए थे या पूर्ण रूप से विकसित हो गए थे, उनके ही ट्री गार्ड को गैस कटर की मदद से काटा गया है।

## कुलदीप सिंह बांगड़ को मातृशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः जिला सूचना एवं** जनसम्पर्क अधिकारी कुलदीप बांगड़ की माता श्रीमती रामकली अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर ईश्वर के चरणों में लीन हो गई है। विदित रहे कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी जिस कारण उन्हें कई दिन पूर्व करनाल के कल्पना चावला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां देर रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। दुख की

इस घड़ी में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने श्री बांगड़ की



माता के मरणोप्रांत उन्हें श्रद्धाजंलि दी व दुख की इस घडी में परमात्मा से उनकी शांति के लिए प्रार्थना की। सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी के पैतृक गांव मुबारकाबाद में उनकी माता जी का अंतिम संस्कार किया गया। जहां बड़ी संख्या में उनके परिजनों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।गौरतलब है कि स्वर्गीय 75 वर्षीय श्रीमती रामकली का नर्म स्वभाव आगंतुको को प्रभावित करने वाला रहा है।

वे एक सामाजिक महिला के रूप में जानी जाती रही है। वे विभिन्न प्रकार की बीमारियों का स्वयं उपचार करने में दक्ष थी व उन्हें विभिन्न प्रकार की देसी दवाईयों की जानकारी थी। अंतिम समय तक भी उन्होंने अपने आप को अध्यात्मिकता के साथ जोड़े रखा। पिछले कुछ समय से वे अस्वस्थ चल रही थी।

उनके आकस्मिक निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

## विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** देशबन्दु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के विधि साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष सुदेश कुमार शर्मा एवं सीजेएम सहसचिव प्रतीक जैन के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उददेश्य गरीब, शोषित और वंचित वर्ग को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा है। विदित रहे कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब, शोषित और वंचित वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ अधिकारी



डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों की तरफ से लगभग 6 संस्थानों के 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में वोट के प्रति जागरूक करने को लेकर भी प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य दलजीत सिंह, डॉ. नरसिंह जांगड़ा, डॉ. सुनील दत्त, डॉ. दलबीर देसवाल, कुसुम मलिक, हेमलता मलिक, संजू बाला आदि उपस्थित रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि व सोनिया प्रथम रही। आईबी महाविद्यालय की मोहिनी और कसक द्वितीय स्थान पर रही। एसडी महाविद्यालय के गगन व अनु तृतीय स्थान पर रहे। नारा लेखन प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के हर्ष ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय की मोनी ने द्वितीय और आईबी महाविद्यालय के रोहित जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के मोहित कुमार ने प्रथम, गीता महाविद्यालय शेरा के सचिन ने द्वितीय व राजकीय महाविद्यालय मतलौडा की काफी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय पानीपत के अमन, अंजलि व सोनिया ने प्रथम, एसडी महाविद्यालय के ललित, मोहित और अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और गीता महाविद्यालय शेरा की श्वेता, वैशाली और तनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि ने प्रथम, गीता महाविद्यालय शेरा की अंतिमा ने द्वितीय व आईबी महाविद्यालय के शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, मतलौडा की तनिषा ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय की तान्या ने द्वितीय व आईबी महाविद्यालय ब्रह्मजया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## क्रिप्टो करेंसी निवेश में दिल्ली के युवा अव्वल तो अहमदाबाद के युवा सबसे पीछे- मुद्रेक्स सर्वे रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** वाई-कॉम्बिनेटर के ग्लोबल क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म मुद्रेक्स ने 'फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्सः भारतीय क्रिप्टो पुनर्जागरण' (द इंडियन क्रिप्टो रेनैस्सांस) टाइटल से अपने सर्वे की रिपोर्ट प्रेजेंट की। इस सर्वे में भारत में निवेश करने के तरीकों में हुए बदलावों को दशार्या गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर 25% हिस्सेदारी के साथ क्रिप्टो कोअपनाने में सबसे आगे हैं। इसके बाद बेंगलुरु 16%, मुंबई 9%, हैदराबाद 8.9%, चेन्नई 8%, कोलकाता 7%, पुणे 5%, लखनऊ 3% और सबसे आखिर में अहमदाबाद 2% पर है। सर्वेक्षण में जून 2023 से जनवरी 2024 तक 6 महीनों के लिए देशभर में 8,976 लोगों से बात की गई। इसमें पाया गया कि 20 से 35 वर्ष के बीच के युवा क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने में अधिक रुचि ले रहे हैं। 20-35 आयु वर्ग के लगभग 63.06% लोगों ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का फैसला किया है, जिससे इस आयु वर्ग में क्रिप्टो करेंसी को लेकर काफी ज्यादा रुचि दिखाई दे रही है। दिलचस्प बात यह है कि 58.5% निवेशकों ने अपने निवेश को स्टॉक और क्रिप्टोकरेंसी दोनों में फैलाया है, जिससे पता चलता है कि क्रिप्टोकरेंसी एक सामान्य प्रकार के निवेश के रूप में अधिक स्वीकार्य हो रही है। साथ ही, सर्वे में शामिल 45% लोगों ने अपनी रिटायरमेंट बचत में क्रिप्टो करेंसी को शामिल किया है, जिससे पता चलता है कि वे इसे लॉंग टर्म निवेश के रूप में देखते हैं। क्रिप्टो करेंसी सभी आय स्तर के लोगों के लिए निवेश का एक सुलभ माध्यम है। हालांकि इसके निवेश को लेकर उच्च, मध्यम और निम्न आय वाले लोगों के बीच थोड़ा अंतर देखा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि सालाना 5 लाख रुपए से कम कमाने वाले लोग भी क्रिप्टो निवेश में शामिल हो रहे हैं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल सिटी के विद्यार्थियों ने दिया धरती को हरा भरा रखने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली पब्लिक स्कूल** पानीपत सिटी में पृथ्वी दिवस ( अर्थ डे ) के उपलक्ष्य में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया क इसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

सभा का शुभारंभ कक्षा 12वीं के छात्रों ने समूह गायन के माध्यम से किया क इसके अंतर्गत विद्यालय में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया क्छात्रों ने अपनी



कविताओं, विचारों, चित्रों एवं कलाकृतियों के माध्यम से धरती को हरा भरा रखने का संदेश दिया।

## टेक्सटाइल में रिसाइक्लिंग से बचाएंगे पर्यावरणः डॉ.राज

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः वियतनाम** की यूनिवर्सिटी आरएमआइटी से डॉ.राज किशोर नायक ने कहा कि कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार टेक्सटाइल इंडस्ट्री से मिलता है। कपड़ा बाजार में असीमित संभावनाएं हैं। नए प्रयोग करने और नए फैशन को सामने लाकर तरक्की की राह आसान कर सकते हैं। खासकर रिसाइक्लिंग के माध्यम से न केवल लागत घटा सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। डॉ.राज किशोर नायक ने यहां



पाइट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में टेक्सटाइल एवं बीफैड के छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

पाइट में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड पर इनोवेशन टेक्सटाइल एवं फैशन पर सेमिनार हुआ। डॉ.राज किशोर नायक ने कहा कि अब आप दुनिया के किसी भी कोने में अपना उत्पाद बेच सकते हो। इनोवेशन के माध्यम से कारोबार खड़ा किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की वूलमार्क कंपनी से संबंधित सीम कंसलटेंसी से राजेश बहल ने छात्र-छात्राओं को वीडियो के माध्यम से टेक्सटाइल के नए कांसेप्ट समझाए। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, टेक्सटाइल विभाग के अध्यक्ष डॉ.एसके धमीजा ने भी युवाओं को प्रेरित किया।

## स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा चुनाव** के मद्देनजर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में जिला सूचना एवं लोक-सम्पर्क विभाग करनाल की टीम द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। विभाग की टीम द्वारा सोमवार को नगरपालिका क्षेत्र नीलोखेड़ी व रायपुर रोड़ान, मनक माजरा गांव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई। टीम द्वारा अपील की गई कि आने वाली 25 मई को सभी वयस्क नागरिक अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।




उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आम जन से आह्वान करते हुए कहा कि वोटर हेल्पलाईन नम्बर 1950 से यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि आम जन लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें साथ ही अपने घरों व आस-पड़ोस के लोगों को भी अवश्य जागरूक करें।

**मतदान**

**8 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है**

**नामांकन के आखिरी दिन तक नागरिक बनवा सकते हैं वोट**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी नागरिक जिसकी अभी तक वोट नहीं बनी हो वह नामांकन के आखिरी दिन तक यानि 6 मई तक अपनी वोट बनवा सकता है। वोट बनवाने के लिए फॉर्म संख्या 6 जो कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, डाउनलोड किए जा सकते हैं।

वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर- 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

## 10वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सोमवार को 10वीं** जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। यह प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुराला के प्रांगण में करवाई गई। यह प्रतियोगिता जिला चैस एसोसिएशन ऑफ कुरुक्षेत्र के बैनर तले करवाई गई। इस प्रतियोगिता में जिला चैस एसोसिएशन ऑफ कुरुक्षेत्र की तरफ से चार आयु वर्ग के मैच करवाये गए जिसमें अंडर 7, अंडर 9, अंडर 13 व अंडर 17 शामिल है। इस प्रतियोगिता में लगभग चारों आयु वर्ग



में 80 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गांव के सरपंच सतपाल सरोहा, सामाजिक कार्यकर्ता जगजीत अठवाल और संजीव गुर्जर ने किया। प्रतियोगिता का समापन जिला चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष किरपाल तंवर, साई के वॉलीबाल कोच सत नारयण और साइकिलिंग के कोच कुलदीप ने किया।

# पहले चरण के कम मतदान ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ाई

डॉ.ओ.पी. त्रिपाठी

> राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार आजादी के बाद कई चुनावों में वोट प्रतिशत में उतार-चढ़ाव के बावजूद कांग्रेस ही सत्ता में बनी रही। कोई ट्रेंड नहीं दिखा। वर्ष 2009 के चुनाव में 58.21 प्रतिशत वोट पड़े थे, जो 2014 में करीब आठ प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 66.44 प्रतिशत हो गया। इसे परिवर्तन की लहर बताया गया, किंतु 2019 के चुनाव में बढ़कर 67.40 प्रतिशत हो गया। फिर भी सरकार नहीं बदली। पहले से ज्यादा सीटों से मोदी सरकार की वापसी हुई। इसी तरह 1999 की तुलना में 2004 में करीब दो प्रतिशत कम वोट पड़े। फिर भी सरकार बदल गई। जाहिर है कि कम या ज्यादा मतदान से हार-जीत का आकलन नहीं किया जा सकता। इस बार पहले चरण में किसी भी तरफ लहर महसूस नहीं हुई

**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। इस बार के चुनाव में पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम रहा। इससे प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। मतदान का कम प्रतिशत उनके लिए अबूझ पहेली बना हुआ है। मतदान प्रतिशत में गिरावट ने सभी दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। दलों ने कार्यकताओं और समर्थकों को अगली चरण की खातिर सतर्क कर दिया है। वहीं राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि मतदान कम या ज्यादा से हार और जीत का आकलन नहीं लगाया जा सकता है। आम चुनाव, 2024 के प्रथम चरण का मतदान कई मायनों में अप्रत्याशित रहा है। कुल मतदान शनिवार की रात्रि 11 बजे तक करीब 65.5 फीसदी रहा। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उप्र और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है।

हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के



अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। यह चुनाव के प्रति उदासीनता है या मतदाताओं को चुनाव दिशाहीन, अर्थहीन लगते हैं? यह सोच लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ भी है। जितना मतदान किया गया है, वह न तो सरकार के खिलाफ माना जा सकता है और न ही विपक्ष को चुनने के प्रति उत्साही और उत्सुक लगता है।

एक धारणा और है कि जिस क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की संख्या अधिक होती है, वहां के बूथों पर वोट ज्यादा बरसता है और दूसरे समुदाय की अधिकता वाले बूथों के वोटर मताधिकार के प्रति लापरवाह या उदासीन रहते हैं। इस बार यह धारणा भी लगभग निर्मूल दिख रहा है। पहले चरण का मतदान बता रहा है कि सभी सीटों पर वोटरों ने बूथों पर जाने से परहेज किया। वहां भी जहां पिछले दो चुनावों से 70 प्रतिशत से ज्यादा वोट पड़ रहे थे, इस बार पांच से दस प्रतिशत तक कम वोट पड़े हैं। 2019 और 2014 से तुलना करें तो यूपी में पहले चरण की आठ सीटों में से पांच पर कम वोट पड़े। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कैराना, बिजनौर एवं नगीना के वोटरों ने उत्साह नहीं दिखाया। ऐसा क्यों हुआ? मतदान में गिरावट से पार्टियों की हार-जीत पर भी असर पड़ सकता है क्या?

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार आजादी के बाद कई चुनावों में वोट प्रतिशत में उतार-चढ़ाव के बावजूद कांग्रेस ही सत्ता में बनी रही। कोई ट्रेंड नहीं दिखा। वर्ष 2009 के चुनाव में 58.21 प्रतिशत वोट पड़े थे, जो 2014 में करीब आठ प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 66.44 प्रतिशत हो गया। इसे परिवर्तन की लहर बताया गया, किंतु 2019 के चुनाव में बढ़कर 67.40 प्रतिशत हो गया। फिर भी सरकार नहीं बदली। पहले से ज्यादा सीटों से मोदी सरकार की वापसी हुई। इसी तरह 1999 की तुलना में 2004 में करीब दो प्रतिशत कम वोट पड़े। फिर भी सरकार बदल गई। जाहिर है कि कम या ज्यादा मतदान से हार-जीत का आकलन नहीं किया जा सकता। इस बार पहले चरण में किसी भी तरफ "लहर" महसूस नहीं हुई। ऐसा लगता है मानो औसत मतदाता ने यह धारणा बना ली है कि मोदी को ही आना है! यह सोच कर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन से तटस्थ रहा है। कुछ मुस्लिम बहुल इलाकों की खबरें सामने आई हैं कि उन्होंने भी मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है, लिहाजा कोई भी धुव्रीकरण दिखाई नहीं दिया। हमने मतदान के इस चरण को "खामोश और भ्रमित चुनाव" माना है। इस चरण से पहले 38 फीसदी पात्र युवाओं ने ही निर्वाचन आयोग में अपना पंजीकरण कराया था, लेकिन युवाओं में भी ज्यादा उत्साह देखने को नहीं मिला। कांग्रेस उम्मीदवार से लेकर नेता तक चुनाव से पहले ही यह मान चुके हैं कि उनकी हार तय है। यह बात पहले चरण के चुनाव प्रचार में भी नजर आई है। कांग्रेस का कार्यकर्ता प्रचार तक के लिए नहीं निकला। मतदान के दिन तो बूथ पर भी कांग्रेस के एजेंट नहीं थे। वहीं भाजपा का कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के प्रचार अभियान में जी जान से जुटा रहा। कांग्रेस का कार्यकर्ता तो मतदान करने ही नहीं निकला और मतदान का प्रतिशत कम रहने की वजह भी यही है। लगता है विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता जिनके कंधों पर अधिक से अधिक मतदान कराने की जिम्मेदारी थी, वो आराम फरमा रहे हैं। भाजपा का हर बूथ पर 70 फीसदी वोट हासिल करने के साथ पिछले चुनाव के मतदान से 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य है। जो वोट पड़े हैं उसका बड़ा हिस्सा भाजपा को मिलेगा। राज्यवार ये आंकड़ा कम या ज्यादा हो सकता है। अभी चुनाव का लंबा समय और छह चरण बाकी हैं। बहरहाल अभी तो मतदान के छह और चरण शेष हैं।

गर्मी का मौसम भी ज्यादा गर्म और लू वाला होना है। कई जगह मई में ही बारिश की शुरूआत हो सकती है, लिहाजा मौसम के कारण इतना मतदाता घर से न निकले, समझ में नहीं आता। कम मतदान पर कहा जाता है कि वोटरों में सरकार के प्रति उत्साह नहीं है। उदासीनता है। जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहेगा लेकिन भारत में चुनावों का इतिहास बताता है कि कम या ज्यादा मतदान के नतीजे मिले-जुले ही आते रहे हैं। परिवर्तन और यथास्थिति के अनुमान को किसी फॉमूर्ले पर नहीं कसा जा सका है। फिर भी गिरते वोट प्रतिशत ने सभी दलों को बेचैन कर दिया है। हार के खतरे का आकलन दोनों तरफ से किया जा रहा है।

## संपादकीय

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

**चुनाव के** महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं।

## कविता

### संवैधानिक नियंत्रण

अच्छा पहले ही बताना था कि
मूर्खों को भी जगाना है,
वो जिनके पास पहले से बहाना है,
सारे सोये हुये हैं,
अपनी जातिय मुग्धता पर खोये हुये हैं,
सबसे गंदा चरित्र वाले
सोचे कि हम सबसे गंदा सोये हुए हैं,
नजर नहीं आता कमजोरी खुद की,
जिन्हें नहीं चिंता अपने वजूद की,
कमजोरों की गाथा बलवान जब लिखेंगे,
अत्याचारी मृदुल और सेवक ही दिखेंगे,
मंत्रमुग्ध शोषित उसे देव ही बोलेगा,
नियति मान सहते रहेंगे जुल्मो सितम
अपने जुबां से आह तक नहीं बोल
सितम तो सितम है स्वमेव ही बोलेगा,
न्यायिक चरित्र न हो जिसके अंदर,
बतायेगा खुद को इंसाफ का समंदर,
अपने भीतर के दाग वो कैसे दिखाए,
खुद के अंदर के डर को जोश वो बताए,
समतामूलक संविधान नजर न जिनको आये,
सड़ी हुई व्यवस्था को अच्छा वो बताये,
नजर और नीयत दोनों में रखता हो खोट,
जागरूकता बढ़ाकर मारो उनको चोट,
छीनो उनकी सत्ता रखो नियंत्रण अपने हाथ,
संवैधानिक व्यवस्था देकर पा लो सबका साथ।

राजेन्द्र लाहिरी

## हनुमान का अवतरण दिवस चैत्र पूर्णिमा

अशोक प्रवृद्ध

**मर्यादा** पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध रामायण के प्रमुख पात्र श्रीराम भक्त हनुमान न केवल अपनी अद्वितीय शक्ति ,निष्ठा और बुद्धि के लिए लोकख्यात हैं, बल्कि वे साहस, निःस्वार्थता, समर्पण व धार्मिकता के प्रतीक के रूप में भी जाने जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि अष्टचिरंजीवियों में शामिल हनुमान का अवतरण त्रेतायुग के अंतिम चरण में भगवान श्रीराम की सेवा के लिए चैत्र पूर्णिमा तिथि और मंगलवार के दिन हुआ था। इसलिए प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाए जाने की पौराणिक परिपाटी है। वर्तमान वर्ष 2024 में चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल दिन मंगलवार को पड़ने के कारण इस दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाई जाएगी।हनुमान के नामकरण से संबंधित प्रचलित पौराणिक कथा के अनुसार इन्द्र के वज्र से हनुमान की ठुड्डी अर्थात हनुटूट गई थी। इसलिए उनको हनुमान का नाम दिया गया। हनुमान का शरीर बज्र की भांति कठोर होने के कारण उन्हें बजरंग बली के नाम से भी जाना जाता है। मारुति, अंजनि सुत, पवनपुत्र, संकटमोचन, केसरीनन्दन, महावीर, कपीश, शंकर सुवन आदि उनके ही नाम हैं।हनुमान के गुरु इनकी माता, भगवान शंकर, भगवान सूर्य और ऋषि मातंग थे।मान्यता के अनुसार हनुमान भगवान शिव के अवतार हैं। उन्हें शिव काग्यारहवां रुद्रावतार माना गया है, जो अत्यंत बलवान और बुद्धिमान हैं।भगवान शिव का अवतार होने के कारण बचपन से ही उनको दैविक शक्तियां प्राप्त थीं। हनुमान को पवन देव का आशीर्वाद प्राप्त है, इसलिए उन्हें पवन पुत्र के नाम से भी जाना जाता है। रामायण काल में हनुमान ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के साथ मिलकर सीता माता की खोज की थी और लंका नरेश दुष्ट राक्षस रावण को परास्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस और श्रीराम से संबंधित अन्य ग्रंथों में हनुमान के संबंध में वृहत वर्णन प्राप्य हैं। वाल्मीकि रामायण के किष्किंधाकांड 4/66 में हनुमान के जन्म व जन्म स्थान का वर्णन अंकित है। कथा के अनुसार माता सीता की खोज में समुद्र के किनारे सभी वानरों के पहुंचने पर यह प्रश्न आ उपस्थित हुआ कि लंका जाने के लिए समुद्र कौन पार करेगा? इस बात को लेकर सभी संशयित थे। इस पर जाम्बवंत ने हनुमान को समुद्र पार कर लंका जाने के लिए उत्साहित करते हुए उन्हें हनुमान के दिव्य जन्म की कथा सुनाई। हनुमान की दिव्य जन्म की कथा सुनाते हुए जाम्बवंत वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकांड 4/66/8 में कहते हैं कि उनकी माता अंजना स्वर्ग की श्रेष्ठ अप्सरा पुंजिकस्थला थी, और वानरराज केसरी की पत्नी हैं।

तीनों लोकों में अपनी सुंदरता के लिए विख्यात पुंजिकस्थला को एक शाप के कारण पृथ्वी पर एक वानरी के रुप में जन्म लेना पड़ा, जो कभी भी अपना रुप बदल सकती थीं। इसके आगे 4/66/10-11 में हनुमान की माता अंजना के पिता व मायका वालों का परिचय देते हुए जाम्बवंत कहते हैं कि हे हनुमान - अंजना कुंजर नामक वानर राज की पुत्री के रुप में जन्म लेती हैं।

## विचार

# ई-पुस्तकों तक पहुंच आसान, पर पढ़ने का सुकून मुद्रित पुस्तकों से

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**विश्व ज्ञान,** आत्मीय शांति, योग्य मार्गदर्शन, समय का सदुपयोग, प्रेरणा, प्रोत्साहन, मददगार, समस्याओं का हल, नवचेतना, नवनिर्मिति, जागरूकता, अद्यतन, बेहतर साथी, सफलता, गुरु, सलाहकार जैसे अनेक मूल्यवान गुणों का सार होती है पुस्तकें। आज के आधुनिक युग में यांत्रिक संसाधनों ने दुनिया भर तक हमारी पहुंच आसान कर दी है। हर ओर जानकारी और सूचना की बाढ़ आ गई है। पुस्तकों को ज्ञान का मुख्य स्त्रोत कहा जाता है, जीवन में सफल होने के लिए किताबों का बेहतर साथ आवश्यक होता है। पुस्तकें मनुष्य के जीवन के आरंभ से अंत तक निस्वार्थ साथ देते हुए पथ-प्रदर्शक की भूमिका में होते है। किताबों से दोस्ती करने वाला इंसान हमेशा खुश और ज्ञानी बना रहता है, जिससे जीवन में मुश्किलें कम होती है। इंटरनेट के द्वारा पुस्तकें बस एक क्लिक पर मौजूद है, जब चाहे तब कहीं पर भी, कभी भी हम ई-पुस्तकें पढ़ सकते हैं, संग्रहीत कर सकते है।

हर साल 23 अप्रैल को पुस्तकों के महत्व को समझकर पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए "विश्व पुस्तक व प्रकाशनाधिकार दिवस" दुनिया भर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम "रीड योर वे" है, यह थीम पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में चयन और आनंद के महत्व पर जोर देती है। जीवन में पुस्तकों का स्थान अतुलनीय है, एक अच्छी पुस्तक सौ दोस्तों के बराबर होती है। जिसने किताबों के महत्व को जान लिया है, वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। पुस्तकों के सहयोग से हम जीवन में विश्व के हर क्षेत्र का सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर सकते हैं। किताबें पढ़ने की आदत मनुष्य के जीवन को लगातार विकसित करता हैं। मस्तिष्क तेज होकर स्वयं विचार कर कुछ नया ज्ञान खोजने की शक्ति मिलती हैं। पढ़ते रहने से हम अधिक होशियार होते जाते है। लिखने का कौशल, भाषा कौशल सुधरता है, फोकस और एकाग्रता बढ़ती है, हम जीवन में अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते हैं, हम अपने समय का सही इस्तेमाल कर पाते हैं, नयी जानकारी और ज्ञान मिलता है, पढ़ने से तनाव कम होता है, हमेशा हम अद्यावत और जागरूक बने रहते है और पढ़ने से अच्छी नींद आती हैं। भूलने की बीमारी से काफी हद तक दूर रहते हैं। डिजिटलीकरण के कारण हर कोई अपनी मांग और सुविधा अनुसार पुस्तकों को ऑनलाइन पढ़ सकता है, ऑनलाइन के द्वारा हम दुनिया से हर समय जुड़े रहते हैं। पाठकों की रुचि अनुसार, दुनियाभर के विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। बहुत से प्रकाशक, कंपनी, शैक्षणिक संस्थान, पेशेवर, ईबुक विक्रेता, सरकारी पोर्टल अपनी वेबसाइट पर डिजिटल स्वरूप में पुस्तक अपलोड करते हैं, ताकि पाठकों तक ई-पुस्तकें पहुंच सकें। पढ़ने का समय बचाने के लिए ऑडियो बुक्स भी डिजिटल मार्केट में उपलब्ध हैं। ई-पुस्तकें बहुत आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन वे कागजी पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकतें। बहुत से लोग ऑनलाइन पुस्तकें तो डाउनलोड करते है, लेकिन उसे पूरा पढ़नेवाले बहुत कम होते हैं। यह ई-पुस्तकें हमें पढ़ने के लिए कागजी पुस्तकों की तरह प्रेरित नहीं करती, बल्कि बहुत बार बोझिल महसूस होती हैं। कागजी पुस्तकों की भांति ई-पुस्तकों से लगाव या प्रेरणा की कमी लगती हैं, इनसे हम भावनिक रूप से जुड़ नहीं पाते। कागजी पुस्तकें पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मुख्य सहायक है। ई-पुस्तकों में हम अधिकतर सिर्फ सीमित सूचनाओं को पढ़कर फिर भूल जाते हैं, जबकि कागजी पुस्तकों में पढ़ते वक्त विषय की गहराई में जाकर समस्या का हल ढूंढते हैं, पूरी किताब पढ़ते हैं, जिससे पुस्तक का पूरा ज्ञान हमें हमेशा याद रहता हैं और यही पुस्तक का उद्देश्य होता है कि उसके ज्ञान का पूरा फायदा पाठकों तक पहुचें।

जबकि अधिकतर पाठकों द्वारा ई-पुस्तकों में केवल काम निकालने लायक ही जानकारी खोजी जाती हैं। कागजी पुस्तकें पेड़ कटवाते हैं, लेकिन ई-पुस्तकें भी बिजली खर्च करवाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते है, तकनीकी खराबी भी एक समस्या है, और ऊपर से मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप का ई-कचरा पर्यावरण के लिए पहले से ही घातक स्तर पर पहुंच चूका हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# ईवीएम की आड़ में अपनी हार की पेशबंदी करने लगा विपक्ष

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**मोदी विरोधी मोर्चा के नेता** आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता। देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरूआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं। अगर विपक्ष को लगता है कि ईवीएम में हेरफेर किया गया है, तो वो प्रचार करने ही क्यों जाता है?

## न बाबा न

डॉ. सुरेश कुमार

**हमारे एक मित्र हैं।** पढ़े तो आठवीं तक हैं, वह भी तीन-तीन बार। घर वालों को जब लगा कि उनका कुछ नहीं हो सकता तो किसी पोस्टर बनाने वाले की दुकान पर लगवा दिया। पोस्टरों की सबसे ज्यादा जरूरत झूठों और मक्कारों को होती है। इसलिए वहाँ राजनैतिक दलों के लोगों की चहलकदमी अधिक थी। झूठ का व्यापार इतना हाई-फाई था कि वहाँ कारों का तांता लगा रहता था। जबकि दुकान के ठीक सामने कड़ी धूप में ईमानदारी से अमरूद बेचने वाली बुढ़िया जस की तस बैठी रहती थी। एक ही सड़क पर दो नजारे - झूठ कार में और सच पसीना पोछता पैदल चलता हुआ दिखाई देता था। फटे पोस्टर से मुखवाले मित्र को चकाचौंध पसंद आ गई। वह नेताई गुर सीख बैठा। शामिल हो गया किसी नागनाथ-सांपनाथ पार्टी में और डंसने लगा सभी को। अब आए दिन किसी न किसी घटना को लेकर समाचार पत्र में उसकी तस्वीरें छपती रहती थीं। एक दिन वह मेरे पास आया। साथ में लाए लिफाफे में से कोई कागजात निकालते हुए मेरे हाथों थमा दिया। भारी-भरकम अंग्रेजी में कोर्ट कचहरी से उसके नाम बुलावा आया था। मैं पढ़ते हुए घबरा रहा था वह सुनते हुए मुस्कुरा रहा था। वह मेरे हाथों से कागजात लेते हुए कहने लगा - तुम अच्छा पढ़ लेते हो। देखकर अच्छा लगता है। पढ़े-लिखे न होते तो तुम्हें कहीं चुनाव में लड़वाकर माला पहनवा देता। दुर्भाग्य से तुम पीएच.डी हो। फलां राज्य में चपरासी की भर्ती निकली है। बीस हजार पीएच.डी. धारियों ने आवेदन किया है, तुम भी कर दो। किसे पता तुम्हें ही मिल जाए। जैसी तुम्हारी माली हालत है उसमें चपरासी की नौकरी भी बहुत है। मुझे तुम पर दया आती है। हिसाब से देखा जाए तो कुर्सी-मोह और माला-मंच का हकदार वही होता है जो पढ़ाई छोड़ दे और भड़काऊ भाषण के लिए मुँह को काम दे। जो कि तुमसे होगा नहीं। पता नहीं ये लेख-फेख लिखने से तुम्हें क्या पैसे मिलते होंगे। अच्छा होगा कि हमारी रैलियों में शामिल हो जाओ। एक बिरयानी पैकेट, पाँच सौ रुपए और पौवा अलग से। अच्छा लगे तो बता देना। अब मैं चलता हूँ। मैंने उसे रोकते हुए कहा अब आ ही गए हो तो नाश्ता-वाश्ता करके जाते।

## न्यूज फ्लैश

### राजकुमार शर्मा फाऊडेशन द्वारा लगाए शिविर में 400 लोगों ने करवाई आंखों की जांच



**नराई। राई हलके** के गांव रसोई में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 400 से अधिक लोगों ने अपनी आंखें की जांच करवाई। शिविर में डॉ श्राफ चैरिटेबल अस्पताल व दृष्टि सेवा केंद्र से डा.धीरेंद्र सिंह, नरेंद्र भूटानी की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। शिविर में आए लोगों को दवाईयां व चश्मे निशुल्क वितरित किए गए। शिविर में जांच के दौरान 46 लोगों के मोतियाबिंद के निशुल्क आप्रेशन करवाया जाएगा। रसोई गांव से काफी संख्या में शिविर का लाभ लिया। शिविर में गांव के अशोक प्रधान, चंदगी, सतबीर खरेटा, बीर सिंह, राजकुमार खरेटा, रामू, प्रकाश प्रधान, कृष्ण, रोहताश, पंडित चुनीलाल, पंडित जयकुवार, रमेश, सुरते खरेटा,राज सिंह, स्मेदीन, जयकुवार खरेटा, ओमकुवार, लक्ष्मण, रमेश खरेटा,जीत खरेटा, प्रकाश, पंडित राजबीर, रामफल,ईश्वर, प्रदीप, अमित खरेटा, विनोद, प्रेम खरेटा, पवन खरेटा, ईश्वर, वीरेंद्र, गौरव आदि शामिल रहे।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत



**गन्नौरः भाजपा अल्पसंख्यक** मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मोहम्मद सोमवार को गढ़ी कला गांव में पहुंचे। गांव में पहुंचने पर प्रदेश सचिव शकील खान, जिलाध्यक्ष शाहदीन खान, जिला महामंत्री इनाम, कार्यकारिणी सदस्य आबिद अली, जिला उपाध्यक्ष अलीहसन व सालिम, पूर्व जिला महामंत्री अमनप्रीत बबला ने जान मोहम्मद का फूलमालाओं से स्वागत किया। जान मोहम्मद ने कहा कि विपक्षियों ने मुस्लिम समाज को वोट बैंक के लिए केवल इस्तेमाल किया है। भाजपा समय में मुसलमानों की हुई तरक्की को विपक्ष पचा नहीं पा रहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लोगों को बड़ी संख्या में जोड़ें। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजद रहे।

### धरती पर यदि सबसे बड़ा कोई भगवान है तो वह है हमारा हृदय : योगरत्न देसराज



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः भारतीय योग** संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में संस्थान के दिल्ली योग प्रांत 1 व 2 तथा हरियाणा प्रांत के क्षेत्रीय अधिकारियों व केंद्र प्रमुखों के लिए संस्थान के योगाश्रम, मिजार्पुर (कुरुक्षेत्र) में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन योगाश्रम पधारने पर संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान योगरत्न देसराज का पुष्प वर्षा से भव्य अभिनंदन किया गया । अखिल भारतीय प्रधान माननीय देसराज, दिल्ली प्रांत 1 के प्रधान जयप्रकाश अग्रवाल व मंत्री होतीलाल शर्मा, दिल्ली प्रांत 2 के प्रधान योगेश शर्मा व मंत्री विनोद शर्मा, हरियाणा प्रांत के प्रधान ओमप्रकाश व प्रांतीय प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया ।

संस्थान की साधिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई । हरियाणा प्रांत के प्रधान ओमप्रकाश ने माननीय देसराज सहित सभी अतिथियों व शिविर प्रशिक्षणार्थियों का हार्दिक अभिनंदन किया । प्रातः सभी प्रतिभागियों को योग की शारीरिक शुद्धि क्रियाएं करवाई गईं । इसके पश्चात संस्थान के कुशल वरिष्ठ अधिकारियों, क्षेत्र एवं जिलाधिकारियों तथा केंद्र प्रमुखों द्वारा सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों एवं प्राणायाम का सुंदर अभ्यास करवाया गया।

# चार दिवसीय एनडीपीएस मामलों की जांच विषय पर हुई कार्यशाला की शुरूआत

## हरियाणा पुलिस को एनडीपीएस मामलों में हाइटेक करने में कोई कोर कसर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पंजाब एंड** हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशानुसार आज हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर एवं हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, प्रमुख ओपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के कुशल मार्ग निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में एनडीपीएस मामलों की जांच बारे चार दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक एवं कोर्स डायरेक्टर कर्ण सिंह गुलेरिया, कुलदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक (पुलिस ट्रेनिंग कालेज, डरोह), ठाकरू राम, उप निरीक्षक (एसिस्टेंट कोर्स डायरेक्टर), कपिल देव शर्मा, जिला न्यायवादी एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अरविन्द दिग्विजय नेगी (एसपी,एनसीबी) ने समस्त हरियाणा के प्रत्येक जिला, एंटी नारकोटिक्स सैल, हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से आए सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया।



इस दौरान हिमाचल पुलिस के अधिकारियों द्वारा नशीले पदार्थ को कब्जा पुलिस से लेकर, रखरखाव, अदालत में पेश करना, बारीक से बारीक जांच, केस खत्म होने उपरांत एनडीपीएस पदार्थ निपटान की प्रक्रिया को समझाया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के एनडीपीएस पदार्थ की शुरूआत से आखरी अंजाम तक की प्रक्रिया बारे में बतलाया जाएगा। कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में समस्त हरियाणा पुलिस से 57 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

इस कोर्स के दौरान समस्त हरियाणा पुलिस के अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट की शुरूआत से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को समझाया जाएगा। यह कार्यक्रम लगातार 4 दिन हिमाचल पुलिस के तत्वावधान में पुलिस ट्रेनिंग कालेज, डरोह जिला कांगड़ा में चलेगा। इससे पहले भी हरियाणा पुलिस के विभिन्न जिलों व इकाई से 229 अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा इस कोर्स को किया जा चुका है। इसके अलावा पंजाब पुलिस भी एक बैच को भेज चुकी है।

## ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**खरखौदा/सोनीपत /सोमपाल सैनी**
**सोमवार को खरखौदा** के सांपला रोड पर ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सभी कक्षाओं में पृथ्वी को कैसे बचाया जाए। इस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं द्वारा अपने-अपने उद्देश्य को दशार्या गया। जिसमें कक्षा पहली से चौथी कक्षा तक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका मुख्य थीम था 'सेव अर्थ' कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने कैलीग्राफी अर्थात सुंदर लेखन द्वारा पृथ्वी को कैसे बचाया जाए। इस पर अपने विचार प्रकट किए।कक्षा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों द्वारा सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए गए। पोस्टर बनाने के साथ-साथ पृथ्वी को कैसे बचा सकते हैं। इस पर भी संदेश दिया जैसे की पानी को व्यर्थ ना बहाए, पेड़ो को ना काटे, खनिज पदार्थ का संरक्षण करें और सतत पोषकीय विकास पर बल दिया गया ,मिट्टी और लुप्त प्राय पेड़ पौधे व जीव जंतुओं को बचाना चाहिए।

### पीओ तथा एपीओ की ट्रेनिंग आज से

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। लोकसभा चुनाव** और करनाल विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत डॉ. मंगलसेन सभागार में 23 से 27 अप्रैल तक पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की ट्रेनिंग आयोजित की जाएगी। ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने आज सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत पीठासीन अधिकारियों (पीओ)और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) की ट्रेनिंग 23 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जायेगी।

# 'समस्याओं का समाधान न होने पर देंगे धरना'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः टीडीआई एसपिनिया** वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर समाधान न होने पर उनके कार्यालय में जाकर समाधान की मांग पत्र देते हुए समाधान न होने पर भूख हड़ताल व धरने पर बैठने के लिए अवगत करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला नगर योजनाकार,डी.सी.पी सोनीपत, बहलागढ़ थाना प्रभारी से मांग की कि मामले में संज्ञान लेकर हमारी मदद करें अगर समाधान नही हुआ तो 28 अप्रैल के बाद भूख हड़ताल व धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। मजबूरन कालोनी निवासियों को भूख हडताल पर बैठना पड़ेंगा। एसोसिएशन के सौंपे



पत्र में बताया कि प्रशासन के आदेश के बाद भी टी.डी. आई. प्रबन्धन व मैन्टेनेंस एजेन्सी अपने अडियल रवैये पर है। गत 9 फरवरी की बैठक में आदेश पारित किया गया था कि 15 मार्च तक यमुना वाटर की पानी की लाईन का कार्य पूरा करना है लेकिन उसे अभी तक आरम्भ भी नही किया गया है। ओकयूपेशन सर्टिफिकेट एप्लाई करने के लिए आपके आदेशानुसार 15 अप्रैल तक निश्चित किया गया था जो कि धरातल पर कोई भी कार्य नही हुआ। उनका कहना कि वे प्रशासन के आदेशों को कुछ नही समझते है। मैंटेनेंस देने के बाद भी कोई कार्य नही करा रहें है, दिन प्रतिदिन लिफट में खराबी रहती है व बच्चों व महिलाओं को जान का खतरा बना रहता है। सिक्योरिटी नाम मात्र होने के कारण दिन प्रतिदिन सोसायटी में असमाजिक कार्य चलते है व झगडों का अंदेशा बना रहता है। उनका कहना कि वे 1300 टी.डी.एस. का पानी पीने का मजबूर है जिसमे कोई ट्रीटमेन्ट नही किया जाता है, जिससे बीमारी फैलने का डर बना रहता है। एस.टी.पी. वाटर की निकासी नही होने के कारण गंदा पानी पार्क में छोड़ दिया जाता है जिससे दुर्गंध व मच्छर आदि से बिमारी फैलने का खतरा बना रहता है। कालोनी निवासी पार्क में घूम भी नही पाते।

### द स्टैनफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने लगाए 200 पौधे



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**सोमवार के दिन** विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने पृथ्वी दिवस मनाने के उपलक्ष में 200 पौधे लगाए। हम सभी इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि बढ़ते हुए प्रदूषण, औद्योगीकरण से हमारी पृथ्वी अपशिष्ट पदार्थों से ढक गई है। पर्यावरण में इतनी जहरीली गैस हो गई हैं। जिसमें सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है। ऐसे में यदि हम अपनी पृथ्वी को नहीं बचाएंगे तो आने वाले पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित नहीं रहेगा। विद्यालय के नन्हे- मुन्ने बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें चार्ट बनाना, मॉडल बनाना, कविता वाचन आदि शानदार प्रस्तुति की। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि पृथ्वी को बचाएं। यह तभी संभव होगा,जब हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ - पौधे लगाएंगे। पेड़ हानिकारक गैसों को रोकने के साथ-साथ पर्यावरण में संतुलन बनाएं रखते हैं।

# हमारी धरती व पेड़ों की छांव मां की गोद व आंचल के समानः सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को उत्साहपूर्वक विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्लोगन लिखकर, कविता पाठ व पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। नौनिहालों ने उत्साह के साथ पौधरोपण किया। पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में सभी ने भगवान से धरती व पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की बधाई




देते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हमारी धरती व पेड़ों की छांव मां की गोद व आंचल के समान है। पर्यावरण की सुरक्षा से ही पृथ्वी सुरक्षित हो सकती है। सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्व की प्रत्येक सभ्यता में प्रकृति की पूजा का प्रावधान है। प्राचीन भारतीय समाज भी प्रकृति के प्रति बहुत ही जागरूक था। वैदिक काल में प्रकृति के विभिन्न अंगों भूमि, पर्वत, वृक्ष, नदी आदि की पूजा की जाती थी। प्रकृति के प्रति मनुष्य की इस असीम श्रद्धा के कारण पर्यावरण सुरक्षित था । लेकिन आधुनिक काल में विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति को अत्यधिक नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। आज पर्यावरण असंतुलन के कारण ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बन चुकी है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद लोगों को पृथ्वी के महत्व को समझाना और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरूक करना है । उन्होंने इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक से बच्चों को अवगत कराया । इस मौके पर अन्वी, रितिका, काव्या, यशिका, रिया, अंशिका, अनु, रेशु, रुपेक्षा, पालकी, सना, सजल शौर्या आदि छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। स्लोगन लेखन में प्यूमा हाउस के मिलन, सृष्टि, अयांश, अनन्या, अनिशा, लावण्या, अर्पित आदि बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यापिका नमिता, नीरजा, ज्योति शर्मा , बीना, कुसुम, रितु सिंह , भावना आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# छात्रों ने भाषण व कविता के माध्यम से दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल** स्कूल में पृथ्वी दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने भाषण व कविता के माध्यम से सभी लोगों को संदेश दिया कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन मनाने का विषय नहीं है पृथ्वी की सुरक्षा हमारी सुरक्षा है। विद्यार्थियों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर एक एक्ट प्रस्तुत किया। जिसमें पेड़ पौधों के महत्व को दशार्या कि हरे भरे पेड़ पौधों से ही मनुष्य के साथ-साथ सभी जीव जंतुओं व पक्षियों का जीवन भी संभव है । विद्यालय की



प्रधानाचार्या उषा मलिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक और पृथ्वी को बचाने के लिए लोग तरह-तरह के प्रयास कर रहे हैं और तरह-तरह के संकल्प भी लेते हैं इसके बावजूद भी हम अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं हम सभी को एक प्रण लेना चाहिए कि पौधे लगाने के साथ उनकी देखरेख करेंगे। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल ने भी संबोधित किया।

### भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार हैः राजीव

**सोनीपतः श्रीमद्भागवत कथा** में पहुँचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने व्यास गद्दी पर विराजमान श्रद्धेय श्री वैभव भारद्वाज महाराज का आशीर्वाद लेने के बाद कहा कि भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार है इसलिए ध्यान से श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान की सीधी कृपा बरसती है। दहिया कॉलोनी में आजाद यूथ चैरिटेबल सोसायटी द्वारा करवाई जा रही भागवत कथा में सोसाइटी के सदस्यों ने राजीव जैन का फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। राजीव जैन ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से निकला गीता के ज्ञान से पूरी दुनिया के लोग धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा ले रहे हैं।

# जूनियर कबड्डी स्पर्धा गन्नौर स्टेडियम की टीम बनी विजेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः बादशाही रोड स्थित** खेल स्टेडियम में जिलास्तरीय जूनियर लड़के व लड़की कबड्डी स्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें जिले भर से लड़कों की 12 व लडकियों की 6 टीमों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने किया। लड़के वर्ग में गन्नौर स्टेडियम ने खोखर अकेडमी सोनीपत को 25-22 अंक और लड़की वर्ग में घड़वाल ने खानपुर की टीम को 18-15 अंकों से पराजित कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने विजेता टीम व



खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को सुधारने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और सरल तरीका है। एम्योचर कबड्डी एसोसिएशन सोनीपत चेयरमैन बलबीर सिंह पहल व महासचिव कुलदीप सिंह ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय कबड्डी टूनार्मेंट में विजेता टीमों से बेहतर खिलाड़ियों का चयन 4 व 5 मई को कैथल के ग्योंग में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए जाएगा। इस अवसर पर कोच सुरेंद्र दूहन, परमिंदर शर्मा, जिला पार्षद कविता शर्मा, सुनील पहल, अजय ठेकेदार, राजबीर रापरिया, सुनील कोच, सागर शर्मा, नरेंद्र दहिया, अर्जुन अवार्डी संदीप नरवाल आदि मौजूद रहे।

**सम्मान**

**8 बलबीर सिंह पहल व महासचिव कुलदीप सिंह ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया**

# पृथ्वी पर जितनी हरियाली होगी, उतना ही हमारा वातावरण रहेगा स्वस्थ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । पृथ्वी बचाओ-जीवन बचाओ के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर तथा मॉडल बनाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण किया इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों को पृथ्वी दिवस



की शुभकामनाएं दी और उनके साथ पौधरोपण भी किया । प्राचार्या रिचा चावला ने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है, हमें इस घर को सदैव स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों का आह्वान किया कि प्रकृति का सम्मान करें और पृथ्वी को बचाएं। प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों को समझाया कि पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव का यह उत्तरदायित्व है कि हम अपने पर्यावरण को सदैव स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां एक बेहतर जीवनयापन कर सकें।

**प्रतियोगिता**

**8 पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया**

उन्होंने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने का उद्देश्य है कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझें और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरूक हों । उन्होंने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रदूषण नहीं फैलाएं, लोगों को इस संबंध में समझाएं। जल का महत्व समझें। पानी बचाएं और लोगों को जागरूक करें। वाटर हार्वेस्टिंग को समझें और उसका प्रयोग करें। स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा औरशिया, वंदना, अनुष्का, रितिका, छवि व वान्या ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।

कविता पाठ में वंदना व भाषण में औरशिया अव्वल रही । प्राइमरी विंग के यश्वी, सुहाना, भावान्या, निष्ठा, रूही, काव्या, जीविका आदि बच्चों ने पौधरोपण किया । इस मौके पर अध्यापिका कोमिला, मंजू गांधी, भावना, कविता, रोजी, मेघा, पूनम आदि मौजूद रहीं ।

# पृथ्वी दिवस पर चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः चाइल्ड केयर इंटरनेशनल** स्कूल शेखपुरा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग, लघु नाटिका व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। स्कूल के सीईओ रमेश वशिष्ठ ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है, उसे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंतित होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि 22



अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। स्कूल के चेयरमैन अजय यादव ने इस अवसर पर सभी बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने जीवन में कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाएं और उनकी बच्चों की तरह देखभाल करें और उन्होंने आगे कहा कि यह धरती हमारी नहीं बल्कि आने वाली भावी पीढ़ी की धरोहर है।

# नरेंद्र मोदी की माला का एक मोती करनाल का मनोहर लालः सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनालः प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की जो माला है, उस माला का एक मोती करनाल का मनोहर लाल है। करनाल लोकसभा की जनता ने मनोहर लाल को अपना आशीर्वाद दे दिया है। जनता के आशीर्वाद से मनोहर लाल करनाल के सासंद बनकर देश की सेवा करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में करनाल की जनता नायब सैनी को भी अपने स्नेह से नवाजेगी और अपना विधायक बनाएगी।



मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी करनाल के नरसी विलेज में महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष रमा चौधरी के निवास पर पहुंची। इसके बाद वार्ड-5 संतूर सिटी में श्वेता मेहता व अंसल टाउन में दीपक बरेजा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुई। जगह-जगह पर उनका स्थानीय निवासियों व महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। सुमन सैनी ने लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में विकास की गति नहीं रूकेगी इसके लिए जनता ने भाजपा को चुना है। नरेद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और देश को विकास को नए आयाम देंगे। उन्होंने कहा कि जनता का एक-एक वोट विकास और देश के बेहतर भविष्य के लिए अहम होगा। मनोहर लाल ने पिछले 10 सालों में जो प्रदेश का विकास किया है, वह पिछले कई दशकों से नहीं हुआ था। आज हर गांव, शहर कस्बों की सडकें चकाचक और मजबूत बनाई गई हैं। पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचा हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा हे। पिछले 10 सालों में जनता की परेशानियों को सुनकर हल किया गया है। सुमन सैनी ने कहा कि इस बार के चुनाव में भी जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी और करनाल से मनोहर लाल और नायब सैनी की एक बड़ी जीत होगी। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, रमा चौधरी, मीना चौहान रायसन व रेखा आनंद सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का मकसद पीड़ित मानवता की सेवाः डॉ. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा चिकित्सा** प्रकोष्ठ जिला करनाल द्वारा आगामी 28 अप्रैल को सुबह 9 बजे करनाल की जरनैली कालोनी स्थित गजराज अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला करनाल की एक बैठक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. अमित कुमार की अध्यक्षता मे रेलवे रोड स्थित होटल आंगन में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा राजेश आनंद एवं डा अशोक कुमार की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक में नवनियुक्त जिला संयोजक डॉ. अमित कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला संयोजक डा अमित कुमार ने



बताया कि गजराज हस्पताल के सौजन्य से लगाये जा रहे इस रक्त दान शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं को रिफरैशमेंट के अतिरिक्त मैडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मौजूद भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का मकसद पीड़ित मानवता की सेवा है और चिकित्सकों की भूमिका मानव सेवा में सदैव अग्रणी रही है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डॉ महेंद्र प्रताप, डॉ मुकेश तनेजा, डॉ रमेश कुमार, डॉ इंद्र पाल सिंह, सचिव डॉ विक्रम टुटेजा, सह सचिव डॉ. कंवर प्रीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मुकेश कौशिक, डॉ. तरूण कुमार एवं डॉ. महिन्द्र चौधरी, राजेश दीवान व नवीन गुम्बर मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के निगदू** गांव के जोहड़ किनारे झाडि?ों में पेड़ पर फंदे पर लटके युवक का शव मिलने पर गांव में सनसनी फैल गई। युवक 17 अप्रैल की रात से घर से लापता था। सोमवार सुबह जब लोगों को जोहड़ किनारे दुर्गंध आई तो उन्होंने झाडियों में देखा, जहां पर युवक का शव पेड़ से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही डीएसपी गुरमेल सहित निगदू थाना पुलिस व एफएसएल की टीमें मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। निगदू थाना पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता की जांच कर रही है। मृतक की पहचान गांव निगदू निवासी 19 वर्षीय रोहित उर्फ फिड्डा के रूप में हुई है। मृतक के पिता महेंद्र सिंह ने बताया कि उसका बेटा दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार के पालन पोषण में सहयोग कर रहा था। घर पर सब ठीक था, किसी से उसके की कोई कहासुनी भी नहीं थी। लेकिन बीती 17 अप्रैल की रात करीब 1 बजे घर से बिना बताए वह बाहर गया था। उसके वह घर वापस नहीं लौटा। आज जब ग्रामीण जोहड के पास से गुजर रहे थे तो वहां से काफी दुर्गंध आ रही थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने जोहड़ के पास झाडि?ों के अंदर जाकर देखा तो पेड़ पर रोहित का शव लटका हुआ था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि उनका बेटा सुसाइड नहीं कर सकता है। किसी ने उनके बेटे को मार कर शव पेड़ पर लटकाया है। उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी, घर पर वह अच्छे से रह रहा था। मौके पर पहुंचे डीएसपी गुरमेल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। हत्या है या आत्महत्या, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर बेटियों ने पौधारोपण किया



**सोनीपत : सोमवार को विश्व पृथ्वी** दिवस के उपलक्ष्य पर बेटियों द्वारा पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण सोनीपत के गांव किलोडद में किया गया।विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर बताया गया कि हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद है, कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझकर अपने आसपास के पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए काम करें। यह मौका पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की बिगड़ती सेहत को लेकर लोगों को सचेत करने का है। ऐसे में अगर आप भी इस खास दिन पर अपने दोस्तों या रिश्तेदारों को जागरूक करना चाहते हैं।तो ज्यादा से ज्यादा अपने आसपास पौधारोपण करे।

### पृथ्वी दिवस पर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश



**गन्नौरः** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में पृथ्वी दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा नौवीं के छात्रों ने विशेष-प्रार्थना सभा करके सब का मन मोह लिया। उन्होंने पृथ्वी को बचाने के लिए कविता, नृत्य, लघु -नाटिका और स्लोगन के माध्यम से चार चांद लगा दिया । पृथ्वी दिवस पर सभी बच्चों ने विद्यालय में अपने नाम से एक पौधा लगाकर जागरूकता फैलाई कि हमें पृथ्वी का ताप कम करना है और अपने जीवन को सुरक्षित बनाना है। छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया कि हम पृथ्वी को किस प्रकार से बचा सकते हैं और उसे हरा-भरा कर सकते हैं।

# सरपंच एसोसिएशन ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सरपंच** एसोसिएशन हरियाणा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ मोर्च खोल दिया है। सोमवार को करनाल में सरपंच एसोसिएशन ने प्रदेश में इंडी गठबंधन को समर्थन का ऐलान कर दिया है। एसोसिएशन ने कहा कि वह लोकतांत्रिक तरीके भाजपा का विरोध करेंगे और भाजपा के उम्मीदवारों की गांवों एंट्री तक नहीं होने देंगे। सोमवार को यह फैसला हरियाणा सरपंच एसोसिएशन ने करनाल के जाट भवन में मीटिंग के बाद लिया गया है। मीटिंग की अध्यक्षता हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर समैण की। मीटिंग में



एसोसिएशन के राज्य प्रतिनिधियों के साथ करनाल और पानीपत जिले के सरपंच संगठन के ब्लाक प्रधान मौजूद रहे। सरपंचों ने प्रदेश सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए सरकार पर पंचायतों के अधिकार समाप्त करने के आरोप लगाए ।

सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर समैण और अन्य सरपंचों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग की मांग को लाठीचार्ज से दबाने का काम किया। पंचायतों के अधिकार छीन लिए, जिससे सरपंच गांव में विकास कार्य नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा अब चुनावों में भाजपा और जजपा को सबक सिखाने और सरपंचों की ताकत दिखाने का समय है। उन्होंने ऐलान किया कि लोकसभा चुनावों में सरपंच बीजेपी उम्मीदवारों का पुरजोर विरोध करेंगे और उन्हें गांव में नहीं घुसने देंगे। सरकार की सहयोगी जेजेपी खत्म हो चुकी है, ऐसे में अब सरपंच भाजपा को हराने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को सरकार की गलत नीतियों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनो में सरपंच एसोसिएशन करनाल में बड़ी रैली करेगी और लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का समर्थन करेगी।

# 6 मई तक नागरिक बनवा सकते हैं वोटः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं, इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वह तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवायें, ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। नागरिक नामांकन के आखिरी दिन 6 मई तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के



पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं।

# वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निर्वाचन आयोग** द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# एडीसी ने मास्टर ट्रेनरों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः 18वे लोकसभा** आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने मास्टर ट्रेनरों के साथ अपने कार्यालय में 24 तारीख को होने वाली पीठासीन अधिकारियों की ट्रेंनिग को लेकर एक बैठक ली। यह ट्रेनिंग जीआरएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्बाला शहर, एसए जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्बाला शहर, मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाईन अम्बाला शहर में होगी। ये ट्रेनिंग में 80 मास्टर ट्रेनरों के द्वारा 2212 पीठासीन अधिकारियों की दो सेशनों प्रातः व



सांय में होगी। ट्रेनिंग के दौरान पीठासीन अधिकारियों की चुनाव सम्बधी एक परीक्षा भी ली जाएगी, जिसमें चुनाव से जुड़े कार्यो बारे उनसे प्रश्न पूछे जाएगें। एडीसी ने जिन स्कूलों में यह ट्रेनिंग दी जाएगी उनके प्रधानाचार्यो व अन्य सम्बधित को निर्देश दिए कि ट्रेनिंग के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर वे बेहतर व्यवस्था बनाए ताकि पीठासीन अधिकारियों व वैकल्पिक अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा सकें। उन्होनें यह भी कहा कि सम्बधिंत अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण बेहद आवश्यक हैं।

### डंडे से हमला कर व्यक्ति को किया घायल

**गन्नौर। दुभेटा गांव** में एक व्यक्ति ने डंडे से हमला कर गांव के ही एक व्यक्ति को घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में दुभेटा गांव के अनिल कुमार ने बताया कि 21 अप्रैल को जब वह तूडे. वाले घेर में गया तो देखा कि उसके घेर की दीवार की की ईंट निकली हुई थी। आरोप है कि जगबीर ने अपने मकान बनाते समय उनकी दीवार के साथ छेड़खानी करके दीवार के ऊपर कड़ियां रख दी। यह देखकर जब उसने जगबीर को कहा तो जगबीर ने उसके साथ गाली गलौच कर उस पर डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद जगबीर उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# फिल्म सोसाइटी द्वारा 'प्रशंसा' कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज में सोमवार को आयोजित केयू कैम्पस फिल्म सोसाइटी द्वारा फिल्म प्रशंसा कार्यक्रम में विज्ञापन से संबंधित अहम जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर फिल्म प्रशंसा कार्यक्रम में बतौर विषय विशेषज्ञ डॉ. धर्मेन्द्र डांगी ने विद्यार्थियों को विज्ञापन बनाने की कला एवं मुख्य आकर्षण पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुराने समय व वर्तमान समय के विज्ञापनों के विश्लेषण के माध्यम से अहम जानकारी दी तथा हरियाणा प्रदेश के सिनेमा की कुछ झलकियां दिखाई जिसमें फिल्म चंद्रावल, लाडो बसंती,



छैल गैल्या जांगी व पनघट शामिल रही। युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक एवं फिल्म सोसाइटी के सचिव प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के विजन अनुसार इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केयू कैम्पस पर थियेटर क्लब के विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कैंपस आधारित गठित विभिन्न क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया है कि हर विद्यार्थी को अपने जीवन में अपने एक क्षेत्र में काम अवश्य करना चाहिए और अपनी प्रतिभा को निखार कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।डॉ. रणबीर फौगाट ने बतौर रिसोर्स पर्सन कैमरे की बारीकी और विज्ञापनों की अहमियत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भारत का सबसे पहला विज्ञापन पर्दे पर विद्यार्थियों को दिखाया।

इसके साथ ही उन्होंने विज्ञापन में प्रयोग होने वाले शब्द एवं भाषा चयन एवं प्रस्तुत करने के तरीके के बारे में भी बताया।इस मौके पर थियेटर क्लब के इंचार्ज डॉ. संत, डॉ. आबिद अली, डॉ. वीर विकास, डॉ. हरविन्द्र राणा मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सिल्वर जोन ओलंपियाड में किया शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः ओम शांति शिक्षा** सदन विद्यालय के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय सिल्वर जोन ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि अंग्रेजी भाषा ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए14 स्वर्ण पदक,12 पदक और 7 कांस्य पदक जीत करके विद्यालय के




गौरव को बढ़ाया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के तीन छात्र राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक और रजत पदक से सम्मानित किए गए। निदेशक योगराज भारद्वाज ने बताया कि इससे पहले भी स्कूल के छात्र विभिनन प्रतियोगिता में पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन कर चुके है।

# एमएचयू के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक ईकाई का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति डॉ. एसके मल्होत्रा के मार्गदर्शन से द्वितीय और तृतीय वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों को प्रभात फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल वर्क्स कंपनी का भ्रमण कराया गया। कुलपति इस तरह के औद्योगिक अनुभवों को छात्रों के विकास और उनके भविष्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। कुलपति ने कहा कि एमएचयू का फोकस है कि यहां पर पढ? वाले विद्यार्थियों



का बागवानी के हर क्षेत्र में संपूर्ण विकास हो। उन्हें हर क्षेत्र में स्वरोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो। इसी को ध्यान में रखते हुए एमएचयू द्वारा विद्यार्थियों के भ्रमण करवाए जाते हैं। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास और करियर मार्गदर्शन के लिए यह औद्योगिक दौरे का आयोजन किया, ताकि छात्रों को व्यवसायिक जगत में निवेश करने में समर्थन मिले और उन्हें व्यापारिक ज्ञान और सूचना प्राप्त करने का अवसर प्रदान हो।

# 'भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम का भाव रखकर करता है काम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता** पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र पहले स्थान पर है, जबकि परिवार बाद में आता है। यह बात स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन व करनाल लोक सभा के विशेष संपर्क प्रमुख सुभाष चंद्र ने नीलोखेड़ी मंडल के शक्ति केंद्र पन्ना समिति के कार्यकर्ता बैठक में कही। उन्होंने कार्यकताओं को कहा कि हम सभी भाग्यशाली हैं, जिनके पास सक्षम नेता, नेतृत्व व नीतियां भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व मे एक गौरवशाली पहचान दी है। आज



भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और उनका संकल्प इसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का है। भारतीय सेना भी आज विश्व की सबसे ताकतवर सेनाओं में शामिल है। इसके अलावा चाहे रेल व्यवस्था हो, सडक परिवहन व्यवस्था हो या फिर हवाई यातायात सभी में ऐतिहासिक बदलाव आया है और ये सभी विश्व स्तरीय हो गई है। सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल ने सत्ता को हमेशा सेवा का सशक्त माध्यम मानकर कार्य किया और हरियाणा एक हरियाणवी एक के भाव से काम किया। प्रदेश के हर क्षेत्र व वर्ग को सरकारी योजना का लाभ सीधे मिले ऐसी व्यवस्था की। जगमग योजना के तहत 24 घंटे बिजली हो या बुजुर्ग व विधवा पेंशन में उल्लेखनीय वृद्धि सब मे जनता के हित को सर्वोपरि रखा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर सुभाष चन्द्र ने सभी कार्यकताओं से पार्टी की योजनाओं को जन-जन तक लेकर जाने और इन नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के होने वाले आगामी कार्यक्रम के बारे में सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों से बूथ स्तर व पन्ना प्रमुख से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए ।

बैठक में मंडल अध्यक्ष बलबीर मराठा, मण्डल महामंत्री डॉ. गोपाल, केवल सिंह, पूर्व चेयरमैन नीलोखेड़ी सतनाम आहूजा, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शरणजीत कौर, बलजिंद्र कालरा, लवली कुकरेजा, नरेश कश्यप, केवल कृष्ण, आरके धवन, कृष्ण, सुदेश, सरदार गुरमुख सिंह राजगढ़, कुलदीप आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक: फणीन्द्रनाथ शर्मा

**बैठक**

**8 संगठन मंत्री ने अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की ली बैठक**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंबाला**
भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने रविवार को अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में श्री शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति व बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संगठन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को एकजुट होकर हर एक बूथ को बड़े मार्जिन से जिताना है। श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकताओं की मेहनत के दम पर भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है।
फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ पर बनी प्रबंधन समिति, त्रिदेव के सदस्यों व आम जनता के बीच सक्रिय संवाद रखें। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोकसभा चुनाव में शक्ति केंद्र प्रमुख, केंद्र पालक आदि सभी एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करें। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकताओं के दम पर ही लगातार चुनाव जीतती आ रही है।
सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और आम जनता के आशीर्वाद से मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।
कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन मंत्री ने कहा कि चुनाव के समय बूथ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने बूथों पर विशेष ध्यान रखें। बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए सभी कार्यकर्ता अपने बूथों पर अधिक से अधिक मतदान कराएं और लोगों को मोदी तथा नायब सरकार की उपलब्धियां बताकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत के दम पर हरियाणा में दस के दस कमल खिलने तय है।

## ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल ने शतरंज प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

**बधाई**

**8 स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सुमिता ठाकुर ने स्कूल कोच योगेश शर्मा को बच्चों की उपलब्धि के लिए बधाई दी**



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
जिला स्तरीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन 21 अप्रैल को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धुराला में किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंडर 7 आयु वर्ग से कक्षा 2 के छात्र सारांश ने फर्स्ट पोजीशन, अंडर 9 आयु वर्ग से कक्षा चौथी के छात्र अहान ठाकुर ने सेकंड पोजीशन और अंडर 13 आयु वर्ग से कक्षा पांचवी की छात्रा ग्लोरी ने फोर्थ पोजीशन प्राप्त की। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल मैनेजमेंट से शिल्पी गुप्ता ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सुमिता ठाकुर ने स्कूल कोच योगेश शर्मा को बच्चों की उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर के प्रांगण में अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/रादौर,22 अप्रैल (नीतीश जोगी ):**
स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर के प्रांगण में नए सत्र 2024 -25 का अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को अलग अलग उपाधि देकर अलंकृत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा जौली कालरा की देखरेख में किया गया। अलंकृत विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी कार्यक्रम में शामिल किया गया। कार्यक्रम के तहत हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, कैप्टन, वाइस कैप्टन, प्रीफेक्ट्स, डिसिप्लिन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक इत्यादि आदि के इंचार्ज नियुक्त किए गए। जिन्हें पटका पहना कर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस कार्य से छात्रों में अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलती है और छात्रों में परस्पर सहयोग की भावना पैदा होती है। इस अवसर पर पूर्व प्रिंसिपल बालकिशन ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम स्कूल में होना अनिवार्य है। समय-समय पर इन छात्रों को कार्य से संबंधित बातें भी बताई जाएंगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और अलंकृत विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा, अजय शर्मा, बालकिशन, रेनू शर्मा व विद्यालय की प्रधानाचार्या आदि रहे।

### सोनीपत के पबनेरा में दस साल में बदल गई लोगों की जीवन शैली

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत पबनेरा है। यहां ज्यादातर लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। यहां पर रोजी रोटी के लिए दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर हैं। यह एससी बीसी बाहुल्य गांव है। पबनेरा की 100 एकड़ भूमि कट कर यमुना में चली गई लेकिन कोई मुआवजा नहीं मिला, लेकिन यहां के लोगों की जिंदगी में गत दस वर्षों में लाइफ स्टाइल बदला है। इस गांव में जहां 2013 से पहले मात्र चार लोगों को सरकारी नौकरी मिली थी। वहीं 2014 के बाद सरकारी नौकरी पाने वालों की संख्या 20 हो गई है।
सोनीपत की तहसील गन्नौर के अंतर्गत आने वाले गांव पबनेरा में लगभग 2000 मतदाता हैं इस गांव में पीएचसी और ई-लाइब्रेरी की मांग पूरी नहीं हुई। इस गांव रकबे में ऐसी शामलात पंचायती जमीन नहीं जिससे राजस्व आए। पांच साल में केवल एक गली पक्की बनी, प्रजापत चौपाल में एक कमरा बनवाया गया। पांच वर्ष के दौरान डी प्लान आदि सब के मिला कर 30 लाख रुपये पंचायत को विकास के लिए मिले हैं।
पबनेरा के लोगों में गुस्सा है कि जनप्रतिनिधियों ने उनके वोट का सम्मान नहीं किया। लोगों का कहना था कि विधान सभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा को पबनेरा के मतदाताओं ने 85 प्रतिशत वोट दिए थे। वयोवृद्ध 85 वर्षीय मुखतार सिंह का कहना है कि जनप्रतिनिधियों ने वोट तो ले लिए लेकिन यहां वापस मुड़कर भी नहीं देखा। न ही उनकी मांगों को पूरा करने के लिए दिलचस्पी दिखाई। पबनेरा की सरपंच पूनम का कहना है कि उनकी मांग ई-लाइब्रेरी की इसलिए की गई थी कि यहां की बहु बेटियां पढाई कर सकें ताकि अपना कैरियर संवार पाएं। लाइब्रेरी होने से कंपटीशन टेस्ट की तैयारी करती हैं तो उन्हें गन्नौर, सोनीपत शहर में जाना पड़ता है। शहर यहां पर से काफी दूर पड़ता है।

## यमुनानगर: युवक की हत्या, ऑनर किलिंग का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
यमुनानगर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया। आरोप है कि रविवार रात को लड़की के परिजन ने अपने दामाद अभिषेक की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। इस हमले में अभिषेक के दो दोस्त भी घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के हत्या का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की।
मृतक अभिषेक के ताया शिव कुमार ने बताया कि एक साल पहले अभिषेक ने यमुनानगर की ही निशा नामक लड़की से प्रेम विवाह किया था।

## राजयोग के अभ्यास से ही सकारात्मक परिवर्तन सम्भव: बीके जयंती

**ब्रह्माकुमारीज**

**8 ब्रह्माकुमारीज द्वारा बेहतर विश्व के निर्माण के लिए विश्व भर में चलाए गए प्रोजेक्ट की जानकारी दी।**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
राजयोग के अभ्यास से परिवर्तन करना सहज हो जाता है। क्योंकि योग से महसूसता की शक्ति आती है। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी ने ओम शांति रिट्रीट सेंटर में व्यक्त किए। सकारात्मक परिवर्तन की संभावनाएं विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि परिवर्तन के लिए मूल्यों को अपनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरों के परिवर्तन से पहले हमें स्वयं का परिवर्तन करना है। एक व्यक्ति का परिवर्तन भी अनेकों को प्रेरणा देता है।

**- आध्यात्मिक शिक्षा से आता है समानता का भाव**

जयंती दीदी ने कहा कि आज आत्म सम्मान को बनाए रखने की आवश्यकता है। आध्यात्मिक शिक्षा से हम एक नए दृष्टिकोण को अपना सकते हैं। आध्यात्मिकता से समानता का भाव पैदा होता है। जिससे एक बेहतर संसार बना सकते हैं। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज द्वारा बेहतर विश्व के निर्माण के लिए विश्व भर में चलाए गए प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 180 देशों में चलाए गए अभियान में सभी ने माना कि सकारात्मक परिवर्तन के लिए मूल्यों की जरूरत है। जयंती दीदी ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन सभी चाहते हैं। लेकिन शक्ति के अभाव के कारण संभव नहीं हो रहा है।

**- परिवर्तन के सकारात्मक पक्ष को जानना जरूरी**

ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय परिवर्तन के साथ स्वयं को एडजस्ट करना बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन एक सामान्य प्रक्रिया है। परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए स्वयं को समझने की जरूरत है। परिवर्तन से प्रभावित होने की बजाए, उसके सकारात्मक पक्ष को समझें।
कार्यक्रम में ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की पूर्व अध्यक्ष शीला काकडे, बीएसएनएल के प्रबन्ध निदेशक प्रवीण कुमार पुरवार, डीसीएम श्रीराम के सीईओ रोशन कामत, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के निदेशक अमित बंसल, बीएसएफ के पूर्व डीआईजी सुनील कपूर, भारत सरकार के गृह मंत्रालय से प्रभास प्रियदर्शनी एवं रश्मि प्रियदर्शनी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

## हवन व संगीतमयी सुंदरकांड पाठ में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जनकल्याण के निमित आयोजित किए गए हवन व संगीतमयी सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं का कोई पारावार नहीं रहा। एरेन्स गोल्डसक प्रोजेक्ट्स एवं श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हिसार के सेक्टर-25 स्थित कनॉट प्लेस में यह आयोजन किया गया। संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के आयोजक समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने बताया कि सुख, शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की मंगलकामना के साथ हवन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।



इसके उपरांत अर्चक माधव त्रिपाठी, भजन गायक कृष्ण बोस व बाबा की परी ने भजनों के माध्यम से वीर हनुमान, प्रभु श्रीराम एवं अन्य देवी-देवताओं का गुणगान किया।
सुंदरकांड पाठ के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन प्रसाद ग्रहण किया।
सुरेंद्र जांगड़ा ने बताया कि सुंदरकांड पाठ में शिरकत करना शुभ फलदायी होता है। हनुमानजी प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा बहुत जल्दी प्राप्त होती है। आत्मविश्वास बढ़ता है और परमार्थ के कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।
इसलिए भक्तों ने पूरी निष्ठा व श्रद्धा से सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष दीपक कुमार गुरुजी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विवाह समारोह में आए युवक की नहर में डूबने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
गांव लडायन के पास नहर में डूबे 24 वर्षीय युवक का शव गोताखोरों ने देर रात नहर से बरामद हो गया। रेवाडी जिले का निवासी यह युवक एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए झज्जर के गांव लडायन आया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक युवक की पहचान रेवाड़ी के लाधुवास निवासी विपिन के रूप में हुई हैं। पीड़ित परिजनों ने बताया कि विपिन अपनी बुआ के पोते की शादी में 16 अप्रैल को आया था और 18 अप्रैल की शादी थी। 20 अप्रैल को वह अपनी बहन के घर जा रहा था।

## ओढ़ कालोनी की टुटी सडक व नालियों की समस्या से कालोनीवासी परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/रादौर**
शहर की ओढ़ कालोनी वार्ड न. 7 के लोग टुटी सडक व नालियों की समस्या से बेहद परेशान है। ओढ़ कालोनी वासियों द्वारा इस समस्या की शिकायत कई बार नगर पालिका रादौर अधिकारियों से भी की गई। कालोनी वासियों का कहना है की शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक विभाग की ओर से न तो सडक का निमार्ण करवासा गया ओर न ही पानी निकासी के लिए सडक के दोनो ओर नालियों की मरमत करवाई गई।
जिस कारण ओढ़ कालोनी के लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। उन्होनें नपा अधिकारियों से इस समस्या को जल्द से जल्द दुर किए जाने की मांग की है। ओढ़ कालोनी निवासी रणबीर सिंह, सोनू, प्रवीन, अजय,संगत राम, गुलशन,अनिल कुमार,तुषार,विक्रम ,रमेश, सिंह राम आदि ने बताया इस बारे वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को से मिलकर इस समस्या के समाधान करवाने की बात रखी जाएगी।
यह सडक ग्रामीण क्षेत्र को रादौर के साथ जोड़ता है, इसी ही सडक पर शहर का रादौर के शमशान घाट का मुख्य मार्ग है।
लेकिन प्रशासन इस ओर कोई धान नही दे रहा है।
उन्होंने जिला उपायुक्त को एक पत्र भेजकर सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त व बरसाती पानी की निकासी करवाए जाने की माँग की ।

> मामला उनके संज्ञान में है, इस सडक मार्ग के निमार्ण के लिए उच्च अधिकारियों के पास एसटीमेट मंजुरी के लिए भेजा गया है,मंजुरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया को पुरी कर सडक पर निमार्ण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।
> **मंगु राम ,**
> **एमई नपा रादौर**

## हरियाणा में कांग्रेस गुटबाजी चरम पर: हरीश चन्द्र आजाद

**लाचार व बेबस**

**8 विपक्ष का इतना कमजोर होना देशहित में नहीं है इससे केन्द्र सरकार की हिटलरशाही बड़ेगी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
समाजसेवी हरीश चन्द्र आजाद ने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की गुटबाजी चरम सीमा तक पहुंच गई है जिसकी वजह से प्रदेश में कांग्रेस अभी तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं कर पा रही है और इसके चलते कांग्रेस के कार्यकत्ता हताश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बार-बार मीटिंगों के बावजूद उम्मीदवारों पर सहमति नहीं बन पा रही है उससे साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान दोनों गुटों के आगे लाचार व बेबस है इससे भी बड़ी बात यह है कि फरीदाबाद सीट से महेन्द्र प्रताप का नाम खुद हाई कमान ने सुझाया लेकिन भूपेन्द्र सिंह हुड्डा अपने समधी करण सिहं दलाल को लड़ाने पर अड़े हुए हैं जिससे साफ-साफ संदेश जाता है कि कांग्रेस पार्टी को भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने लाचार व बेबस बनाकर अपनी उंगलियों पर नचाया हुआ है। हरीश आजाद ने कहा कि जो पार्टी एक छोटे से राज्य के अपने कार्यकारिणी सदस्यों से डरी हुई है उस पार्टी से विशाल हिन्दुस्तान की सरकार चलाने की कोई कैसे उम्मीद कर सकता है। जिस पार्टी के हाई कमान का अपना कोई वजूद न हों वह इतने बड़े गठबंधन को कैसे संभाल सकेगा और ऐसी कमजोर हाईकमान वाली पार्टी के हाथों में देश की सरकार नहीं सौपी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह बातें मैं नहीं कह राहा हूँ बल्कि कांग्रेस हाईकमान स्वंम हरियाणा में अपने डर से यह संदेश दे रही है। आजाद ने कहा कि विपक्ष का इतना ज्यादा कमजोर होना देशहित में नहीं है इससे केन्द्र सरकार की दादागिरी बड़ेगी। आज जिस तरह से पिछले पाँच वर्षों में विपक्ष की कमजोरी का फायदा उठाकर भाजपा सरकार हिटलरशही कर रही है उसे देखकर देशवासी विपक्ष की ओर उम्मीद लगाये बैठे थे लेकिन विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को ऐसे लाचार व बेबस देखकर देशवासी अपने आप को इन पार्टियों की गंदी राजनितिक में फंसता हुआ महसूस कर रहे हैं और देश में बदलाव की उम्मीद लगाकर बैठा वोटर इन राजनितिक पार्टियों से खुद को ठगा हुआ महसुस कर रहा है।

## देश व प्रदेश में हर कामयाब पुरुष के पीछे महिला का हाथ होता है: बजरंग गर्ग

**महिला सम्मेलन**

**8 महिलाओं ने घर गृहस्ती के साथ-साथ व्यापार व उद्योग जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है- बजरंग**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
अग्रवाल समाज का महिला राष्ट्रीय सम्मेलन अग्रोहा धाम में हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल व अति विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल थे। इस अवसर पर देश भर से महिला व अग्रोहा धाम के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में हर कामयाब पुरुष के पीछे महिला का हाथ है। महिला माता, बहन व बेटी भी है। महिला दो परिवारों की लाज होती है। महिलाएं अपने मायके व ससुराल दोनों परिवारों का मान सम्मान बढ़ती है। आज के युग में महिलाएं घर गृहस्ती के साथ-साथ व्यापार व उद्योग जगत में भी अपनी अलग पहचान बनाई हैं। काफी महिलाओं ने व्यापार व उद्योग के साथ-साथ खेल जगत में भी भारत देश का नाम विश्व स्तर पर चमकने का काम किया है। आज देश व प्रदेश में महिलाएं आईएएस, आईपीएस बनकर देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे रही है। यहां तक की महिलाएं शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में जनता की सेवा में लगी हुई है जबकि महिलाओं को सामाजिक व धार्मिक कार्यों के साथ-साथ राजनीति में भी अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम महिला व युवा ईकाई का राष्ट्रीय स्तर पर पूर्ण गठन एक महीने के अंदर-अंदर किया जाएगा। अग्रोहा धाम महिला व युवाओं को आगे बढ़ने का काम करेगी। श्री गर्ग ने कहा कि देश के हर तीर्थ स्थलों में अग्रोहा धाम के महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर भवन बनाए जाएंगे। जिसमें देश के कौने-कौने से आने वाले समाज के व्यक्तियों को भवन में ठहरने व खाने के साथ-साथ हर प्रकार की व्यवस्था की जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि 23 अप्रैल को अग्रोहा धाम में हनुमान जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। जिसमें भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग व भंडारे का कार्यक्रम होगा। महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में महिलाओं को आगे लाने के लिए काम किया जाएगा। अग्रोहा धाम के साथ देश की सभी महिलाओं को जोड़ा जाएगा।

## श्री राम दरबार व राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर**
रास बिहारी महिला संकीर्तन मंडली के सौजन्य से शिव मंदिर शास्त्री कालोनी में चल रहा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शोभा यात्रा निकाली गई । महिला मंडल द्वारा राम दरबार व राधा कृष्ण की मूर्तियाँ स्थापित करवाई गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा मंदिर के पुजारी पंडित विपुल दुबे, पंडित गोलू की टीम ने सनातन वैदिक पद्धति से संपन्न करवाई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों को अन्न वास, जल वास, पुष्प वास, वस्त्र वास इत्यादि जरूरी उपचार करवाए गए। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई ।



शोभा यात्रा ढोल ढमाके शंखनाद के साथ शिव मंदिर शास्त्री कालोनी से प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में मंगल कलश लिए अनेक महिलाओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा शास्त्री कालोनी के विभिन्न गलियों से गुजरती हुई वापिस मंदिर में समाप्त हुई।
इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। शोभा यात्रा के पश्चात पंडितों ने विधिवत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई।

